वर्ष : 33 ▸ अंक : 276 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 22 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

P7 'डकैत' से बाहर हुईं श्रुति हासन

P8 केजरीवाल के खिलाफ चलेगा केस



# महाराष्ट्र के विभाग बंटवारे में बीजेपी बनी 'बड़ा भाई'!

## शिंदे को नहीं मिला गृह मंत्रालय, अजित ने जो मांगा-वो मिला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण के कई दिनों बाद विभागों का बंटवारा शनिवार (21 दिसंबर 2024) को हो गया है। एकनाथ शिंदे को तीन मंत्रालय दिए गए हैं। जिसमें शहरी विकास, आवास और सार्वजनिक निर्माण विभाग शामिल हैं। एकनाथ शिंदे ने गृह विभाग की भी मांग की थी लेकिन बीजेपी ने पहले भी कह दिया था कि वह शिवसेना को गृह विभाग नहीं देंगे। मुख्यमंत्री पद और विभाग के मतभेद को सुलझाने के लिए दिल्ली में अमित शाह के घर हुई बैठक में एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फड़णवीस तीनों मौजूद थे। लेकिन तब भी यही तय हुआ था कि बीजेपी गृह विभाग अपने पास रखेगी। इसके साथ ही ये तय हो गया कि बीजेपी एक बार फिर से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े भाई की भूमिका में रहना चाहती है और इसकी छाप कैबिनेट आवंटन में भी दिख रही है।

### शिवसेना को कौन से मंत्रालय मिले?

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गृह विभाग अपने पास रखा है। इसके अलावा गृह, ऊर्जा (नवीकरणीय ऊर्जा को छोड़कर), कानून और न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन विभाग, सूचना और प्रचार भी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही है। वहीं शिवसेना के गुलाब राव पाटिल को पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय पेयजल मिला है। जबकि दादा भुसे को स्कूली शिक्षा विभाग, संजय राठौर को जल एवं भूमि सरंक्षण विभाग, उदय सावंत को इंडस्ट्रीज और मराठी भाषा विभाग और शंभूराज देसाई को टूरिज्म, खनन विभाग दिया गया है।

- फडणवीस सरकार में मंत्रियों को आवंटित हुए विभाग
- सीएम फडणवीस के पास गृह समेत तीन अन्य अहम विभाग की जिम्मेदारी
- डिप्टी सीएम अजित पवार को मिला वित्त विभाग

### एनसीपी को क्या मिला?

डिप्टी सीएम अजित पवार ने एनसीपी की ओर से वित्त, सहकारिता, कृषि, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा, साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन और महिला एवं बाल कल्याण विभाग मांगे थे। डिप्टी सीएम अजित पवार को वित्त, प्लानिंग और स्टेट एक्साइज विभाग मिले हैं। वहीं एनसीपी के माणिकराव कोकाटे को कृषि विभाग, हसन मुश्रीफ को मेडिकल एजुकेशन, धनंजय मुंडे को खाद्य, सिविल सप्लाइ एवं कंज्यूमर प्रोटेक्शन विभाग दिए।



**राज्य मंत्री**

| नाम | मंत्रालय |
|---|---|
| आशीष जायसवाल | वित्त |
| माधुरी मिसाल | शहरी विकास |
| पंकज भोयर | सहकारिता |
| मेघना बोर्डिकर | महिला एवं बाल विकास |
| इंद्रनील नाइक | उद्योग |
| योगेश कदम | ग्रामीण विकास |

**कैबिनेट मंत्री**

| नाम | मंत्रालय |
|---|---|
| देवेंद्र फडणवीस | गृह |
| एकनाथ शिंदे | शहरी विकास |
| अजित पवार | वित्त |
| चंद्र शेखर बावनकुले | राजस्व |
| राधा कृष्ण विखे पाटिल | जलसंपदा |
| हसन मुश्रिफ मेडिकल | एजुकेशन |
| चंद्रकांत पाटिल | हायर एजुकेशन |
| गिरीश महाजन | डिजास्टर मैनेजमेंट |
| गणेश नाइक | वन मंत्रालय |
| गुलाबराव पाटिल | जल आपूर्ति |
| दादा भूसे | स्कूली शिक्षा मंत्री |
| संजय राठौड़ | मिट्टी एवं जल संरक्षण |
| धनंजय मुंडे | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| मंगल प्रभात लोढ़ा | स्किल डेवलपमेंट |
| उदय सामंत | उद्योग मंत्रालय |
| जय कुमार रावल | मार्केटिंग |
| पंकजा मुंडे | पर्यावरण मंत्रालय |
| अतुल सावे | ओबीसी विकास |
| अशोल उइके | आदिवासी विकास |
| शंभूराज देसाई | टूरिज्म |
| आशीष शेलार | संस्कृति |
| दत्तात्रेय भारणे | खेल एवं युवा |
| अदिति तटकरे | महिला एवं बाल विकास |
| शिवेंद्रराजे भोसले | पब्लिक वर्क्स |
| माकिराव कोटके | कृषि |
| जयकुमार गोरे | ग्रामीण विकास |
| नरहरि झिरवाल | फूड एंड ड्रग एडिमिस्ट्रेशन |
| संजय सावकरे | कपड़ा |
| संजय सिरसाट | सामाजिक न्याय |
| प्रताप सरनाईक | परिवाहन मंत्रालय |
| भरत गोगावले | रोजगार विभाग |
| मकरंद पाटिल | राहत एवं पुनर्वास |
| नितीश राणे | मछली एवं बंदरगाह |
| आकाश फुंडकर | श्रम |
| बाबासाहेब पाटिल | सहकारिता |
| प्रकाश आविटकर | परिवार कल्याण |

## नॉर्थ-ईस्ट में अब उग्रवाद खत्म



### 10 साल में 9 हजार उग्रवादियों का सरेंडर

**एजेंसी | अगरतला**

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नॉर्थ-ईस्ट में अब उग्रवाद खत्म हो गया है, इसलिए लोगों को जल्दी न्याय दिलाने के लिए पुलिस का दृष्टिकोण बदलने का वक्त आ गया है। हमें FIR दर्ज होने से 3 साल के अंदर न्याय दिलाने की जरूरत है। शाह त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में नॉर्थ-ईस्ट काउंसिल (NEC) के 72वें प्लेंट्री सेशन (पूर्ण अधिवेशन) में बोल रहे थे।

### सड़क नेटवर्क पर 41,000 करोड़ रुपए खर्च

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में 20 शांति समझौतों पर साइन करके नॉर्थ-ईस्ट में शांति लाई है। इस दौरान 9 हजार उग्रवादियों ने हथियार डाले हैं। केंद्र ने नॉर्थ-ईस्ट में रेलवे पर 81,000 करोड़ रुपए और सड़क नेटवर्क पर 41,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस अवसर पर नॉर्थ-ईस्ट डेवलपमेंट मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ नॉर्थ-ईस्ट के सभी आठ राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे। 2008 के बाद यह दूसरी बार है जब अगरतला में यह प्लेंट्री सेशन हो रहा है।

### संसद परिसर में 'धक्का-मुक्की' मामला

## क्राइम ब्रांच 23 दिसंबर को घायलों सांसदों का बयान करेगी दर्ज




**एजेंसी | नई दिल्ली**

संसद परिसर में कथित तौर पर हुई हाथापाई की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा आगामी सोमवार यानी 23 दिसंबर को राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती दो सांसदों के बयान कर सकती है। इस बाबत शनिवार को सूत्रों ने यह जानकारी दी। पता हो कि, बीते गुरुवार को संसद परिसर में विपक्ष और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (BJP) के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की के बाद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे।

## गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर मुहिम तेज करेगी कांग्रेस

▸▸ 24 दिसंबर को हर जिले में आंबेडकर सम्मान मार्च निकालेगी विपक्षी पार्टी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के लिए गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर मुहिम तेज करेगी। मुख्य विपक्षी पार्टी ने कहा कि पार्टी बाबासाहेब के सम्मान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित करेगी। आगामी सप्ताह आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जाएगा।

### केसी वेणुगोपाल ने दी जानकारी

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस विषय पर सभी कांग्रेस सांसद, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य 22-23 दिसंबर को देशभर में अपने निर्वाचन क्षेत्रों और गृह जिलों में संवाददाता सम्मेलन करेंगे। 24 दिसंबर को पूरे देश में हम बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान मार्च निकालेंगे। इस दौरान गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए जिला कलेक्टरों के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, मार्च के दौरान बाबासाहेब के विशाल चित्र और हमारी प्रमुख मांगों को दर्शाने वाली तख्तियां लेकर चलेंगे।

## प्रवासी मुंबईकरों की घरवापसी कराएगी महायुति सरकार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**


मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार मुंबई और मुंबईकरों के विकास और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता दर्शाई है। महायुति सरकार में उप मुख्यमंत्री एव शिवसेना (शिंदे गुट) के पक्षप्रमुख एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि सरकार मुंबई से बाहर गए मुंबईकरों को वापस मुंबई में लाने व उनका अधिकृत घर दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पहले चरण में ठप पड़ी पुनर्वास परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराकर 2 लाख घर उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है।

## मेरे चरित्र की हो रही है हत्या : अल्लू अर्जुन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 दिन ब दिन कमाई के मामले में नए रिकॉर्ड सेट कर रही है। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की रिलीज से पहले 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में एक प्रीमियर रखा गया था जहां फैंस को सरप्राइज देने के लिए खुद अल्लू अर्जुन सिनेमाघर पहुंचे हुए थे। इस दौरान एक्टर को देख फैंस एक्साइटेड हो गए और उन्हें कंट्रोल करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा।

इस दौरान भगदड़ मच जाने से रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गई जिसकी वजह से



अल्लू अर्जुन पर शिकायत दर्ज हुई और उनकी गिरफ्तारी भी की गई। हालांकि सुनवाई के बाद एक्टर को उसी दिन अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया। इसके वावजूद उन्हें एक दिन जेल में बिताना पड़ा। महिला का बेटा फिलहाल अभी अस्पताल में है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अल्लू अर्जुन इस मामले पर पहले भी माफी मांग चुके हैं।

# फडणवीस सरकार का पहला शीतकालीन सत्र हुआ संपन्न

▸▸ 19 विधेयक पेश किए गए

▸▸ 17 विधेयक मंजूर हुए

**अमित बृज | मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार का नागपुर में पहला शीतकालीन सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में कुल 19 विधेयक पेश किए गए, जिसमें से 17 विधेयक मंजूर हुए हैं। एक विधेयक संयुक्त समिति के पास भेजा गया है, जबकि एक विधानसभा में प्रलंबित है। 6 दिनों तक चले सत्र में बीड, परभणी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर, किसानों और विभिन्न मुद्दों पर दिए गए बयान से हॉल में हंगामा हो गया।



## ■ बजट सत्र 3 मार्च को मुंबई में

### फडणवीस शहरी नक्सलवादी संगठनों की जानकारी दें- पटोले

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मुख्यमंत्री फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि शहरी नक्सलवाद को लेकर फडणवीस ने जो कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं, उसकी जानकारी उन्हें सार्वजनिक करनी चाहिए। पटोले ने कहा कि किसी पर भी आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है। वहीं शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राऊत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा में मैं भी शामिल हुआ था, इसलिए क्या मैं भी नक्सलवादी हो गया हूं।



### बेस्ट बसों की खस्ताहाल पर सीएम का बयान



मुंबई की बेस्ट बसों की खस्ताहाल पर फडणवीस ने कहा कि बेस्ट मुंबई की लाइफलाइन है। जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थे तो उन्होंने बेस्ट को मदद का भरोसा दिया था और नई बसों को खरीदने का आर्डर दिया था। यह कार्य तेज गति से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर बेस्ट को मनपा के अलावा राज्य सरकार भी मदद करेगी।

### 46 घंटे 26 मिनट काम हुआ

नागपुर शीतकालीन सत्र में कुल 6 बैठकें हुईं, 46 घंटे 26 मिनट काम हुआ और हॉल के 10 मिनट बर्बाद हुए. विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि छह दिनों तक प्रतिदिन औसतन 7 घंटे 44 मिनट काम किया गया।

### 6 दिन के सत्र में राज्य के हित के मुद्दों पर काम

सत्र की समाप्ति पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि 6 दिन के सत्र में राज्य के हित के मुद्दों पर काम हुआ है। वहीं उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार का काम शुरू हुआ है, टीम वही है सिर्फ मैच नया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में शिंदे ने कहा कि सभी योजनाएं पहले की महायुति सरकार की तरह शुरू रहेंगी।

### विदर्भ के लिए कई योजनाएं शुरू

विधानमंडल के इस शीतकालीन सत्र में विदर्भ के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। शिंदे ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं ने विदर्भ के मुद्दे नहीं उठाए। विपक्ष इस पूरे सत्र में सिर्फ सीढ़ियों पर आंदोलन करते रहे। उन्होंने कहा कि भले ही विरोधियों की संख्या कम रही हो लेकिन फिर भी हमने उनकी शंकाओं का जवाब दिया। शिंदे ने कहा मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में हम टीम की तरह काम करेंगे।

### शहरी नक्सलवाद पर फडणवीस ने कांग्रेस को घेरा

शहरी नक्सलवाद पर कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मैंने विधानसभा में भी शहरी नक्सलवाद को लेकर बात रखी है। मैं एक बार फिर कहता हूं कि देश भर के करीब 180 संगठन जो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े हुए थे, उन्हीं संगठनों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंधित करने की मांग संसद में रखी थी। अब हमारी सरकार इस मामले की जांच फिर से शुरू की है कि यही 180 संगठन राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से कब जुड़े थे। मैंने सिर्फ उन्हीं तथ्यों को सभी के सामने रखा है।

### अजित पवार की अनुपस्थिति

फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित पवार के मौजूद नहीं होने पर कहा कि अजित दादा बीड और परभणी के दौरे पर गए हैं, लिहाजा मीडिया उनकी गैरमौजूदगी को नाराजगी के तौर पर न बताए। फडणवीस ने कहा कि हमारा फोकस विदर्भ समेत महाराष्ट्र के सभी हिस्सों पर है।

### विदर्भ के लिए नहीं हुआ कुछ काम- दानवे

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि नागपुर में विधानमंडल का शीतकालीन सत्र विदर्भ की समस्याओं पर ध्यान देने और उन्हें सुलझाने के लिए होता है। लेकिन विधानमंडल के इस शीतकालीन सत्र में 6 दिनों में विदर्भ के लिए कोई नई घोषणा सरकार ने नहीं की। ऐसे में राज्य सरकार के दावे ढकोसले ही रहे हैं।

# अंबरनाथ में 38 एकड़ में डेटा सेंटर स्थापित करेगा अमेजॉन

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

अंबरनाथ की विविध एमआईडीसी में सैकड़ों राष्ट्रीय और कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां है। अब अंबरनाथ तहसील के औद्योगिक क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध अमेजॉन प्रवेश करने जा रही है। इसके लिए अमेजॉन डेटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने लोढ़ा ग्रुप से पिछले महीने 450 करोड़ में 38 एकड़ जमीन खरीदी है। इस जमीन पर अमेजॉन अंबरनाथ में 38 एकड़ में डेटा सेंटर स्थापित करेगा। अमेजॉन द्वारा 27 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी का भुगतान अंबरनाथ रजिस्ट्रार कार्यालय में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी ने अंबरनाथ तहसील के अंतर्गत असोदे और बुर्दुल गांव में यह जमीन ली है। इससे भविष्य में डेटा सेंटरों के लिए अंबरनाथ की एक अलग पहचान बनेगी और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## 450 करोड़ के लेनदेन में चुकाई 27 करोड़ की स्टांप ड्यूटी



हाल ही में हुआ जमीन का लेन देन

हाल ही में इस जमीन का लेनदेन अंबरनाथ उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अंबरनाथ आनंद नगर एमआईडीसी में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां इस क्षेत्र में आने की इच्छुक है। इसके लिए पाले में नई एमआईडीसी का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुंबई और उपनगरों, खासकर नवी मुंबई में कई डेटा सेंटर स्थापित किए जा रहे है। जमीन की उपलब्धता के कारण कई डेटा केंद्र इस क्षेत्र में आने के इच्छुक बताए जाते है।

### हाइपरस्केल डेटा सेंटर का निर्माण

अंबरनाथ शहर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित उक्त गांवों में के पास इस जमीन पर हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह भारत के डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेजॉन की एक प्रमुख पहल है। एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) विस्तार के हिस्से के रूप में कंपनी का लक्ष्य 2030 तक भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 12.7 बिलियन डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करना है। अंबरनाथ में यह मुंबई के डेटा सेंटर बाजार में अमेजॉन का दूसरा निवेश है। इससे पहले 2023 में अमेजॉन ने लार्सन एंड टुब्रो से पवई में 4 एकड़ जमीन 18 साल के लिए पट्टे पर ली है।

# 10वीं के छात्र ने की आत्महत्या

डीबीडी संवाददाता | पालघर

जिले के बोईसर थाना अंतर्गत दांडीपाड़ा इलाके में 10वीं के एक छात्र ने मानसिक दबाव के कारण आत्महत्या कर ली। छात्र के परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आत्महत्या से पहले छात्र ने अपनी आवाज़ में एक रिकॉर्डिंग बनाई थी, जिसमें उसने बताया था कि सहपाठियों द्वारा लगातार मजाक उड़ाए जाने के कारण वह कमजोर महसूस कर रहा था, और इसी कारण उसने यह खौफ़नाक कदम उठाया।



### पिता का छलका दर्द

मृतक छात्र नितिन मुखिया (16), जो बोईसर के खैरापाड़ा इलाके स्थित टींस वर्ल्ड कार्पोरेट स्कूल में 10वीं का छात्र था, मंगलवार की शाम अपने घर पर अकेला था। घर पर परिजन न होने के कारण उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को दी, जिसके बाद छात्र को बोईसर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता सुरेश मुखिया ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है और मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरे बेटे को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि किसी और परिवार का बच्चा इस तरह की दुखद स्थिति का सामना न करे।

### जांच में जुटी पुलिस

बोईसर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक के परिवार से मिली जानकारी के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# मारपीट के तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी

## मराठी और हिंदी भाषी परिवार विवाद

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण के अजमेरा हाइट्स मारपीट मामले में पुलिस ने तीन और लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को कल्याण कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने सभी आरोपियों को छह दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, उसमें शुक्ला की पत्नी गीता भी शामिल है। अब तक इस मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बुधवार रात कल्याण पश्चिम की अजमेरा हाइट्स इमारत में धूपबत्ती के धुएं को लेकर दो पड़ोसियों में मारपीट हुई थी। मारपीट की इस घटना में अभिजीत देशमुख नामक एक पड़ोसी घायल हो गया था। कल्याण के एसीपी कल्याणजी घेटे ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### पीलीबत्ती लगी कार जब्त

निजी गाड़ी में पीलीबत्ती (बीकन) लगाकर चलने वाले अखिलेश शुक्ला की कार को खड़कपाडा पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्ला काफी दिनों से अपने वाहन पर पीलीबत्ती लगाकर घूम रहा था।कार को जब्त कर पुलिस स्टेशन लाया गया है।कल्याण आरटीओ ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में शुक्ला पर9,500 रुपए का जुर्माना लगा दिया है।

### दूसरी एफआईआर पर पुलिस की चुप्पी

कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी अखिलेश शुक्ला का पक्ष रखते एड.अनिल पांडेय ने कहा कि दूसरी एफआईआर पर पुलिस चुप क्यों है। कानून सबके लिए बराबर है।

# बीड में मृतक सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिले शरद पवार

## न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शरद पवार ने बीड जिले के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दिया। संतोष देशमुख की पिछले दिनों अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। शरद पवार ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखा और महायुति सरकार से गंभीर सवाल किए। शरद पवार ने कहा, 'इस हत्या ने आम लोगों को झकझोर कर रख दिया है। महाराष्ट्र में बीड जिले की एक किंवदंती है। मैं इस जिले से कई वर्षों से जुड़ा हूं।



वारकरी संप्रदाय इस जिले की एक विशेषता है। ये महाराष्ट्र के चीनी उद्योग में योगदान देते हैं और उसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे जिले में ग़्रह घटना हुई कि कोई समझ ही नहीं पा रहा है।'

### लोकसभा में भी उठा सरपंच की हत्या का मुद्दा- शरद पवार

घटना की आई तस्वीर का जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा, " कोई बाहर से आता है, उस पर व्यक्तिगत हमला किया जाता है और अंत में हमला हत्या में बदल जाती है। राज्य और केंद्र सरकार को इस पर ध्यान देना होगा। लोकसभा का सत्र कल ख़त्म हो गया। हम पिछले दो-चार दिनों से देख रहे हैं, आपके प्रतिनिधि बजरंग सोनवणे, नीलेश लंके और महाराष्ट्र के अन्य सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया है। गृह मंत्री से मुलाकात की। बजरंग सोनवणे और उनके सभी साथियों ने देश की लोकसभा में मांग की कि हमें न्याय दो।"


### कुशल जनप्रतिनिधि थे संतोष - शरद पवार

राज्यसभा सांसद शरद पवार ने कहा, 'जिस युवा सरपंच की हत्या कर दी गई। जिन्होंने जनता के सहयोग से पंद्रह वर्षों तक उस पद पर बैठने का काम किया। निर्वाचित होने के पंद्रह साल का मतलब है कि जनता की रोजमर्रा की सुख-सुविधाओं से जुड़ा रहने वाला, विवादों से दूर रहने वाला यह युवा एक कुशल जन प्रतिनिधि के रूप में आपके गांवों में काम कर रहा था।'

# 'मरीन ड्राइव से दूसरी तरफ की इमारतें नहीं दिखतीं'

## वायु प्रदूषण पर महाराष्ट्र सरकार कोर्ट की लताड़

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार और प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए भगवान के भरोसे न रहें, बल्कि ठोस इच्छाशक्ति दिखाकर त्वरित कार्रवाई करें।



### 'स्थिति आपातकालीन है'

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी की खंडपीठ ने वायु प्रदूषण पर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदूषण की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। अदालत ने यह भी कहा कि प्रशासन केवल अदालत के आदेशों पर ही काम करता है और खुद से कोई कदम नहीं उठाता।

### यातायात और निर्माण कार्य को जिम्मेदार ठहराया

न्यायमूर्ति कुलकर्णी ने मुंबई में यातायात और निर्माण कार्यों को वायु प्रदूषण का मुख्य कारण बताते हुए अधिकारियों से सवाल किया। उन्होंने कहा कि हजारों गाड़ियां धुआं छोड़ रही हैं, और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जैसे इलाकों में घंटों तक जाम लगा रहता है। ₹बांद्रा से बोरीवली पहुंचने में दो घंटे लगते हैं, और एयरपोर्ट तक पहुंचने में एक घंटा। यह सिर्फ यातायात प्रबंधन की विफलता है, जो प्रदूषण को और बढ़ा रही है,₹ न्यायमूर्ति ने कहा।

### टोल हटाने पर भी उठाए सवाल

अदालत ने मुंबई के प्रवेश बिंदुओं पर कारों के लिए टोल हटाने की नीति पर सवाल खड़े किए। न्यायमूर्ति कुलकर्णी ने कहा, ₹टोल हटाने के बावजूद सड़कों पर जाम बना रहता है। अगर इससे भीड़भाड़ कम नहीं हो रही, तो इसका क्या फायदा? टोल केवल भारी वाहनों के लिए होना चाहिए। अदालत ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को घनी प्रदूषण वाली जगहों पर स्प्रिंकलर के सही और कुशल उपयोग का निर्देश दिया। साथ ही, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) को निर्माण कार्यों और उद्योगों से होने वाले प्रदूषण पर सख्ती से नजर रखने को कहा।

## बिजली चोरी का बड़ा मामला

# साढ़े पांच लाख की चोरी, सात लोगों पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी ने भिवंडी के कोन गांव में 5.46 लाख की बिजली चोरी का मामला उजागर किया है।




### कैसे हुई चोरी?

जुलाई 2022 से सितंबर 2024 के बीच आरोपियों ने अपने बिजली मीटर को तोड़ दिया और पोल से काले सर्विस तार जोड़कर अनधिकृत बिजली का उपयोग किया।

### मुख्य आरोपी

**सनी सिंह :** साईं रेजीडेंसी, साईं कॉलोनी।
**सचिन पाटिल :** सचिव, रामदेव पार्क सोसायटी।
**विश्वनाथ सुरेश :** पिंपलघर।
**आयशाबी अब्दुल।**
**शहीद मोहम्मद।**
**फिरोज शेख।**

### कंपनी को हुआ नुकसान

आरोपियों ने 21,613 यूनिट बिजली का अनधिकृत उपयोग किया, जिससे कंपनी को 5,46,000 का नुकसान हुआ।

### पुलिस की कार्रवाई

महाराष्ट्र विद्युत वितरण मंडल की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# किसन नगर में व्यापक स्वच्छता अभियान

## गटर और शौचालयों की सफाई की गई

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

वागले प्रभाग समिति के तहत स्थित किसन नगर परिसर में मंगलवार को एक बड़ा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था।



### साफ-सफाई की व्यापक मुहिम

स्वच्छता अभियान के तहत किसन नगर के झोपड़पट्टी क्षेत्र, रास्तों, गटरों, सार्वजनिक शौचालयों और आसपास के इलाकों की सफाई की गई। मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में शिवशांति प्रतिष्ठान, घनकचरा व्यवस्थापन विभाग, अतिक्रमण विभाग और वागले इस्टेट प्रभाग समिति ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए काम किया।

### अधिकारी और सफाई कर्मियों की सक्रिय भागीदारी

इस अभियान में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे की निगरानी में 100 सफाई कर्मियों ने सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी की। उपायुक्त मनीष जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राणी शिंदे और स्वच्छता अधिकारी शयुराज कांबले सहित अन्य मनपा कर्मियों ने इस अभियान में योगदान दिया। पूर्व नगरसेवक राम रेपाले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के स्वच्छता अभियान को नगरसेवक और सभागृह नेता के रूप में गंभीरता से लिया गया था और आज इस अभियान के तहत पूरे परिसर की सफाई की गई।

# परभणी की घटना के विरोध में आरपीआई का विरोध प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

परभणी में भारत रत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की मूर्ति की विडंबना और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता के विरोध में भिवंडी में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) आठवले गुट ने विरोध प्रदर्शन किया। परभणी में आंदोलनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई में सोमनाथ सूर्यवंशी की हिरासत में मौत के बाद अंबेडकरवादी समाज में भारी आक्रोश है। भिवंडी में आरपीआई के शहर अध्यक्ष महेंद्र गायकवाड़, जिला अध्यक्ष संजय गायकवाड़ और तालुका अध्यक्ष भरत जाधव के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने विरोध जताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसद में दिए बयान का भी विरोध किया।

## अमित शाह के बयान का भी जताया विरोध



### क्या हैं मांगे

आरपीआई प्रतिनिधिमंडल ने उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की कि दलितों पर दर्ज झूठे मामले वापस लिए जाएं। प्रदर्शनकारियों को बेरहमी से पीटने वाले पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए। सोमनाथ सूर्यवंशी की पिटाई करने वाले पुलिस अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

### पुलिस बल तैनात

आरपीआई ने विरोध मार्च निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर केवल विरोध प्रदर्शन तक ही सीमित रहा। सुरक्षा के मद्देनज़र भिवंडी पुलिस विभाग ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया।

# गोदाम से सात बाल श्रमिक लड़कियों को मुक्त कराया गया

## बाल श्रम

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के गोदाम क्षेत्रों में बाल श्रम का मामला सामने आया, जहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए सात नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। ये लड़कियां गोदाम में मजदूरी कर रही थीं।



### छापेमारी का नेतृत्व

इस छापेमारी में आई फाउंडेशन के राजेश दत्तराम दखिनकर ने अहम भूमिका निभाई। उन्हें कंपनी में बाल श्रमिकों के काम करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त, जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय और नारपोली पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर गोदाम पर छापा मारा।

### कंपनी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

मामला स्थानीय नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई वेहले गांव के राज राजेश्वरी लॉजिस्टिक पार्क में स्थित स्मार्ट पैकेजिंग सॉल्यूशन नामक कंपनी पर की गई। कंपनी के मालिक रामा सुतार के खिलाफ बाल न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75 और 79 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### पैकिंग कार्य में लगी मिली लड़कियां

छापेमारी के दौरान लड़कियों को इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पैक करते हुए पाया गया। यह मामला न केवल बाल श्रम कानून का उल्लंघन है बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी हनन है।

### प्रशासन की सक्रियता

पुलिस और प्रशासन ने इस कार्रवाई के जरिए बाल श्रम के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। अब इस मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ओवैसी ने महाराष्ट्र में किया बड़ा फेरबदल

## AIMIM में नए पदाधिकारियों की घोषणा

**मुंबई।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुसलमीन (AIMIM) महाराष्ट्र इकाई के नए पदाधिकारियों की घोषणा हो गई है। इस घोषणा के साथ ही पार्टी ने अपनी पकड़ को और मजबूत करना चाहती है। पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में AIMIM ने महाराष्ट्र में नए संगठनात्मक ढांचे के साथ पार्टी कई मुद्दों पर अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से पेश करने के लिए तैयार है। माना जा रहा है बीएमसी चुनाव पार्टी ने फेरबदल किए है।

महाराष्ट्र में AIMIM के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में इम्तियाज जलिल की नियुक्ति की गई है। ये पुणे क्षेत्र से विधायक हैं, ये भी एक बड़ा कारण है कि पार्टी ने इनकी



राजनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया है। विधायक ने महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय के लिए हमेशा आवाज उठाई है।

महाराष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में शब्बीर फारूकी की नियुक्ति की गई है। फारूकी की राजनीतिक पृष्ठभूमि और संगठन में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में मोहम्मद यूसुफ पंजानी का नाम घोषित किया गया है।

# 'आदित्य ठाकरे ने उद्धवजी पर दबाव डाला'

## राजनीति का सनसनीखेज दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

आदित्य ठाकरे ने अपने पिता उद्धव ठाकरे पर शिवसेना को खत्म करने का दबाव डाला और वह कांग्रेस में शामिल हो गए। शिव सेना एकनाथ शिंदे गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने नागपुर विधान भवन क्षेत्र में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए यह दावा किया है। दीपक केसरकर ने कहा कि आदित्य ठाकरे की वजह से गठबंधन टूटा है। दरअसल आदित्य ठाकरे ने दीपक केसरकर पर स्कूल यूनिफॉर्म में घोटाला करने का आरोप लगाया था। उन्हें जवाब देते हुए, केसरकर ने आदित्य ठाकरे को आड़े हाथों लिया।



### आदित्य ठाकरे पर लगाए गंभीर आरोप

दीपक केसरकर ने शनिवार को कहा कि शिवसेना की ताकत यह थी कि हमने स्वतंत्रता सेनानी सावरकर के बारे में लिखने वाले कांग्रेस के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री को मुंबई नहीं आने दिया। ठाकरे ने उसी कांग्रेस के साथ जाने का फैसला किया। ये सब आदित्य ठाकरे के बचकानेपन की वजह से हुआ है। उन्हें जनता के बीच जाने में शर्म आनी चाहिए।

### आरोप पर क्या बोले पूर्व मंत्री ?

दीपक केसरकर ने कहा कि मैं महाराष्ट्र का पहला शिक्षा मंत्री हूं। जिसने हर छात्र को ड्रेस देने का फैसला किया। चूंकि बच्चे नंगे पैर स्कूल जाते हैं, इसलिए उन्हें जूते-मोजे देने का निर्णय लिया गया। स्कूल यूनिफॉर्म का टेंडर 138 करोड़ रुपये का था। पहले केवल पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों और सभी वर्ग की छात्राओं को ही पोशाक दी जाती थी। इस टेंडर में राज्य सरकार को करीब 11 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

### वर्दी का पैसा भी खा गए: आदित्य ठाकरे

सरकार ने यूनिफॉर्म वितरण को लेकर पुराना फैसला रद्द कर दिया है। हम उस फैसले का स्वागत करते हैं। इसमें तत्कालीन शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने भ्रष्टाचार किया है। इसकी जांच होनी चाहिए। यह जांच की जानी चाहिए कि यह अनियमितता प्रशासनिक है या वित्तीय। पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने अपनी स्कूल यूनिफॉर्म तक नहीं छोड़ी। उसमें से मलाई भी खाने की कोशिश की। यह आरोप शिवसेना यूबीटी विधायक आदित्य ठाकरे ने लगाया।

### केसरकर का आरोपों से इनकार

केसरकर ने कहा कि महिला आर्थिक विकास निगम सरकार का एक संगठन है। इसमें 20 हजार महिलाएं वर्दी सिलने का काम करती हैं। इसमें उन्हें यह काम दिया गया। केसरकर ने अपने ऊपर लगे घोटाले के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें इसका कोई अनुभव नहीं है। इसके कारण वर्दी सिलने में देरी हुई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदित्य ठाकरे को सभी सबूतों की जांच करनी चाहिए, तब बोलना चाहिए।

# बीएमसी चुनाव को लेकर एमवीए में रार

## संजय राउत के बयान गरमाई सियासत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का चैप्टर अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है लेकिन दूसरी तरफ बीएमसी चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। संजय राउत के बीएमसी चुनाव से जुड़े बयान ने माहौल गर्म कर दिया है। अब राउत के बयान पर एनसीपी शरद पवार गुट के नेता का तीखा रिएक्शन भी देखने को मिला है।

### क्या है संजय राउत का बयान ?



शनिवार को शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ सकती है। राउत ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन से स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने पर जोर दे रहे हैं क्योंकि इस बार लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में अधिक दावेदार हैं।

### क्या बोले शरद पवार गुट के नेता?


मुंबई में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में राजनीति गरमा गई है। अब शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत के बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने के संकेत पर एमवीए में शामिल शरद पवार गुट की प्रतिक्रिया सामने आई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल का कहना है कि अगर उन्होंने ऐसा कहा है तो मैं उनसे सवाल करूंगा। पत्रकारों से बात करते हुए जयंत पाटिल ने कहा, "मैं उनसे पूछूंगा कि उन्होंने ऐसा फैसला क्यों लिया। मुझे बताया गया है कि उन्होंने कहा कि वे यानी शिवसेना यूबीटी अकेले चुनाव लड़ सकते हैं, न कि वे अकेले लड़ेंगे।"

# एनसीपी में अलग-थलग पड़े छगन भुजबल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फणडवीस के मंत्रिमंडल विस्तार में एनसीपी नेता छगन भुजबल को दरकिनार कर दिया गया। छगन भुजबल को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। इसके बाद छगन भुजबल ने नाराजगी जताई थी। नाराज छगन भुजबल ने पार्टी के तीन बड़े नेताओं पर आरोप लगाया था, लेकिन एनसीपी का एक भी नेता भुजबल को समझाने नहीं गया। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि छगन भुजबल एनसीपी में अलग-थलग पड़ गये हैं। इसे पृष्ठभूमि में छगन भुजबल कल तक कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। भुजबल का शनिवार को मुंबई पहुंचने का कार्यक्रम था और वह अगले दो दिन तक अपने समर्थकों से चर्चा के बाद फैसला लेंगे। इसलिए, अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में बड़ा राजनीतिक भूचाल आने की आशंका है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल बड़ा फैसला लेने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भुजबल इस बात से ज्यादा नाराज हो गए कि नाराजगी जताने के बावजूद कोई नेता उनसे मिलने नहीं आया या किसी नेता ने सवाल नहीं पूछा। इसी पृष्ठभूमि में भुजबल आज और कल मुंबई में ओबीसी नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि कहा जा रहा है कि इसके बाद ही वह कोई बड़ा फैसला लेंगे।

### नासिक में छगन भुजबल ने कार्यकर्ताओं से की बात



नासिक में भुजबल ने नासिक में समता परिषद के कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उस वक्त सभी नेताओं ने उनसे अलग फैसला लेने पर जोर दिया था। इस मौके पर भुजबल ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए अजित पवार की भी आलोचना की। भुजबल ने उन पर हमला बोला। हालांकि सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल ने उनका समर्थन किया था, लेकिन उसके बाद भी एनसीपी का एक भी नेता भुजबल से मिलने नहीं गया। एक भी विधायक या मंत्री ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

### छगन भुजबल के पास क्या हैं विकल्प ?

अगर छगन भुजबल अजित पवार से अलग होने का फैसला करते हैं तो कहा जा रहा है कि भुजबल के पास तीन विकल्प हैं। एक है शरद पवार गुट में शामिल होना, दूसरा- बीजेपी ज्वाइन करना और तीसरा ओबीसी का देशव्यापी संगठन बनाना। इसलिए सबकी नजर इस पर टिक गई है कि भुजबल कौन सा विकल्प चुनते हैं। इस बीच, राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सांसद नीलेश लंका ने छगन भुजबल को शरद पवार गुट में शामिल होने का आह्वान किया है। छगन भुजबल जमीनी स्तर के नेता हैं।

# मुंबई बोट हादसा: लापता बच्चे का शव मिला

मृतकों की संख्या बढ़कर 15

## 18 दिसंबर को नौका और नौसैन्य पोत के बीच हुई थी टक्कर

मुंबई। मुंबई तट पर हुई नौका दुर्घटना के बाद लापता सात वर्षीय बच्चे का शव तीन दिन बाद शनिवार सुबह बरामद हुआ। बच्चे की पहचान जोहान मोहम्मद, पुत्र निसार अहमद पठान के रूप में की गई है। इस दर्दनाक हादसे में मृतकों की संख्या अब बढ़कर 15 हो गई है। यह जानकारी नौसेना के एक अधिकारी ने दी।



### हादसे का विवरण

घटना 18 दिसंबर को हुई थी, जब नौसेना के एक पोत ने इंजन परीक्षण के दौरान 'नील कमल' नामक यात्री नौका को टक्कर मार दी। यह नौका गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी। उस समय नौका पर 100 से अधिक यात्री सवार थे। नौसेना पोत पर कुल छह लोग सवार थे, जिनमें से दो को बचा लिया गया। यह हादसा मुंबई के बंदरगाह क्षेत्र में हाल के वर्षों की सबसे गंभीर दुर्घटनाओं में से एक है।

### बचाव अभियान और जांच

हादसे के तुरंत बाद नौसेना और तटरक्षक बल ने बचाव कार्य शुरू किया। एक हेलीकॉप्टर और नौकाओं को लापता यात्रियों की तलाश में लगाया गया। अब तक 113 में से 98 लोगों को बचाया गया है, जबकि 15 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक नौका को सीधा खड़ा नहीं कर दिया जाता और यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि अब कोई अन्य शव बाकी नहीं है।

### क्षमता से अधिक यात्री होने का मामला

महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) के अनुसार, नौका की क्षमता 84 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों तक सीमित थी। हालांकि, इसमें तय सीमा से अधिक यात्री सवार थे, जो अंतर्देशीय पोत अधिनियम का उल्लंघन है।

### नौका और पोत के खिलाफ कार्रवाई

एमएमबी ने नौका का लाइसेंस रद्द कर दिया। कोलाबा थाने में नौसैन्य पोत के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नौसेना ने हादसे की आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है।

# चेंबूर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट

## एक व्यक्ति घायल, 6 लोग सुरक्षित बचे



मुंबई। मुंबई के चेंबूर इलाके में म्हाडा की इमारत में सिलेंडर विस्फोट और आग लग गई। इस आग में एक महिला झुलस गई और दमकलकर्मी छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। घटना शुक्रवार शाम की है। हालांकि, फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। बहरहाल, इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक चेंबूर के वाशिनाका इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल पर गैस सिलेंडर फट गया और आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और आरसीएफ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। छह लोगों को आग से बचाया गया। तो वहीं एक महिला के घायल होने की खबर है।

संदिग्ध रेकी मामला

# गिरफ्तार संदिग्धों को पुलिस ने छोड़ा

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता संजय राउत के बंगले के बाहर संदिग्ध गतिविधियों के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने चार लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि ये लोग एक दूरसंचार नेटवर्क सेवा कंपनी इंस्टा आईसीटी सॉल्यूशन के कर्मचारी हैं और क्षेत्र में नेटवर्क निरीक्षण कर रहे थे।



### क्या है मामला?

शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे भांडुप इलाके में राउत के बंगले 'मैत्री' के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को देखा गया। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर वहां मौजूद लोगों ने राउत के भाई और विधायक सुनील राउत को जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और संदिग्धों को हिरासत में लिया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि वे दूरसंचार कंपनी के कर्मचारी हैं और क्षेत्र में नेटवर्क की जांच कर रहे थे। पुलिस ने उनकी कंपनी और पद की पुष्टि करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया।

### 8 टीमों का गठन

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जांच के लिए 8 टीमें बनाई। महाराष्ट्र में हाल के महीनों में कई नेताओं और प्रमुख व्यक्तियों को धमकी मिल चुकी है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद राज्य पुलिस सुरक्षा मामलों में कोई कोताही नहीं बरत रही है।

# श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ के दूसरे दिन का शुभारंभ

## गिरिराज सिंह समेत कई हस्तियों ने की शिरकत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई ठाकुर द्वार रोड स्थित नेमानी बाड़ी में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का द्वितीय दिवस का शुभारंभ भक्तों और श्रद्धालुओं के द्वारा माता ललिताम्बा के पूजन से प्रारंभ हुआ। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर महायज्ञ के द्वितीय दिवस का शुभारंभ किया।
श्री गणपति सहस्त्रनाम का पाठ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिल नाडु और वाराणसी से आए पुरोहितों ने किया। उसके उपरांत माता ललिता का अभिषेक कुमकुम और श्री ललिता सहस्त्रनाम के मंत्रों से हुआ।

### 'बहुत हुआ ओम शांति, अब जरूरत है क्रांति की'



भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा की बहुत हुआ ओम शांति शांति, अब जरूरत है क्रांति की। गिरिराज सिंह ने कहा की युवा चेतना के द्वारा सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति सभ्यता के संवर्धन हेतु अच्छा काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा की देश के नवनिर्माण हेतु युवा वर्ग को और श्रम करना होगा। श्री सिंह ने कहा की नेता विपक्ष पद पर बैठे राहुल गांधी सिर्फ झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी सनातन विरोधी है। गांव-गांव में लोगों को जागरूक करना है।
वहीं स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने इस मौके पर कहा की देश के वैभव को बढ़ाना ही हमारे जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा की सनातन के खिलाफ बोलने की हैसियत किसी की नहीं है। महाराष्ट्र की भूमि क्रांति की धरती है और यहां के लोगों ने अच्छा निर्णय लिया है। भारत में रहकर पाकिस्तान का गीत नहीं चलेगा। कार्यक्रम में बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव का भी आगमन हुआ।

### सनातन धर्म शाश्वत है: राज्यपाल

महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन ने कहा की सनातन धर्म शाश्वत है। संतों की तपस्या के बल पर देशभक्त रहा है। महामहिम राधाकृष्णन ने कहा की युवा चेतना लगातार सनातन धर्म के जागरण हेतु प्रयासरत है। वाराणसी से आए स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती एव स्वामी श्रीधरानंद सरस्वती ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।
युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा की हम देश को विश्वशक्ति बनाने हेतु कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा की आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है हमारे देश के ऊपर इतने आक्रमण हुए परंतु संतों के तपस्या के बल पर फिर हम बार बार खड़े हुए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा की सनातन के साथ सबको चलना होगा तभी विश्व का कल्याण होगा।

### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ और सभी ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। बौद्धिक सत्र में विश्व गुरु भारत विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी,ओपी जैन,भाजपा नेता संतोष पांडेय,आशा मानीडी,अखिल जैन ने भी संबोधित किया।

मध्य रेल
TENDER NOTICE No. DYCECDD_2024_08
उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दौंड अहमदनगर के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये खुली इ-निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। : दौंड-मनमाड दोहरीकरण परियोजना के संबंध में दौंड (267.00 किमी) से मनमाड (503.00 किमी) के बीच 60 किग्रा/52 किग्रा सिटू ग्ल्युड जॉइंट में फैब्रीकेशन का शेष कार्य'। अनुमानित लागत- रु. 1,89,71,116.00 /- बोली प्रतिभूती : रु. 2,44,900.00/- पूर्णत्व का अवधी : 12 महिने. प्रस्ताव की वैधता : निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन. निविदा फॉर्म अपलोड करना: तारीख14.01.2024 को 15.00 बजे तक । निविदा खोलने की तिथि: 14.01.2024 को 15.00 बजे के बाद . विवरण के लिये वेबसाईट: www.ireps.gov.in पर देखें।
SUN 36 टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

मध्य रेल
मुंबई मंडल
विभिन्न विद्युत कार्य
ई-निविदा सूचना क्रमांक : एलसीएसफ/डीआर/ओएचई/475/2024/11, दिनांक : 18/12/2024
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई – 400028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये प्रतिष्ठीत ठेकेदारों से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाइन ई-निवदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम तथा स्थान** : मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में नीलजे और कोपर (4.495 किमी) के बीच डबल कॉर्ड लाइन के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 13,82,22,537/- (तेरह करोड़ बयासी लाख बाईस हजार पांच सौ सैंतीस रुपए मात्र), **जमा कराये जाने वाली बयाना राशि** : रु. 8,41,100/- (आठ लाख इकतालीस हजार सौ रुपये मात्र), कार्य पूर्ण करने का अवधि - स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से बारह महीना तक (मानसून सहित)। **निविदा पप्रत की लागत** : 00 (शून्य), **ऑफर की वैधता** : निविदा खुलने के 90 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थान** : निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज क्रिस कि वैबसाइट पता ireps.gov.in से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समय** : निविदा दस्तावेज़ ऑनलाइन दिनांक 10/01/2025 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने तारीख तथा समय** : निविदा इस कार्यालय मे 15:15 बजे दिनांक 10/01/2025 को खोली जाएगी। **नोट** : संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रुप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट ireps.gov.in का संदर्भ लेना चाहिए।
SUN 626 उप मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण)
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मुंबई मंडल मे विभिन्न कार्य
खुली ई-निवीदा सूचना सं–मरे/मरेप्र(कार्य) बीबी/2024/31 दिनांक- 19.12.2024.
**क्रम संख्या-1.** कार्य का नाम- एडीईएन (एन) लोनावाला सेक्शन के अंतर्गत दक्षिण पूर्व घाट में 2 वर्षों के लिए जेसीबी और हाइड्रोलिक उत्खनन मशीन किराये पर लेना । लगभग मूल्य रू में 105.40 लाख। बयाना राशि रू में–202700 समापन अवधि 24 महीने।
**क्रम संख्या- 2.** कार्य का नाम: क) कल्याण-कर्जत और नेरल-माथेरान पर लेवल क्रॉसिंग गेट लॉज की मरम्मत।। ख) कल्याण-कर्जत खंड के मध्य भाग में एसएंडटी और ओएचई संरचना की मरम्मत। ग) कल्याण-कर्जत खंड पर गैंग हट (07) की मरम्मत । d) कल्याण-कर्जत सेक्शन के मध्य भाग में गेट लॉज, एसएंडटी संरचना, ओएचई संरचनाओं की पेंटिंग। B) एडीईएन (टी) कल्याण के तहत कल्याण-कर्जत, नेरल-माथेरान सेक्शन में एलसी गेट्स पर सड़क की सतह में सुधार। लगभग मूल्य रू में 162.00 लाख बयाना राशि रू में 231000 समापन अवधि 12 महीने।
**क्रम संख्या- 3.** कार्य का नाम - दीवा-रोहा, पनवेल-जेएनपीटी और दीवा-वसई (42 समपार) के बीच लेवल क्रॉसिंग के लिए सड़क की मरम्मत 2 वर्षों (2024-25 और 2025-26) के लिए डीईएन (पूर्व) के अधीन। लगभग मूल्य रू में 222.02 लाख ।बयाना राशि रू में 261000 समापन अवधि 24 महीने।
**क्रम संख्या- 4.** कार्य का नाम – यातायात के अंतर्गत क्रिब, शोल्डर आदि में गिट्टी की मैनुअल स्क्रीनिंग द्वारा 137.50 किलोमीटर ट्रैक की व्यवस्थित ओवरहालिंग और डीईएन (पूर्व) बीबी सेक्शन के अधिकार क्षेत्र में सेस को कम करना/चौड़ा करना [जेएसएलई-जेएनपीटी = 30.00 किमी, दीवा-वसई = 30.00 किमी, पनवेल-एचएमआरआर = 27.50 किमी और एचएमआरआर-रोहा = 50.00 किमी । लगभग मूल्य रू में 302.24 लाख।बयाना राशि रू में–301200 समापन अवधि 6 महीने।
**क्रम संख्या- 5.** कार्य का नाम - ए) एडीईएन (एन) लोनावाला के अधीन आगवाली चॉल, मरीमाता चॉल, बैरक लेन 1, बैरक लेन 2, एमएस बिल्डिंग, बाराबंग्लो कॉलोनी की सीवरेज और ड्रेनेज प्रणाली में सुधार । बी) एडीईएन (एन) लोनावाला सेक्शन के तहत लोनावाला-कर्जत सेक्शन में एलसी गेट नंबर 23,25,26,27,29,30,31,32,34 पर सड़क की सतह में सुधार । सी) एडीईएन (एन) लोनावाला के अंतर्गत सभी सेवा भवनों, एफओबी, प्लेटफार्म दीवारों, सीओपी, बाड़ और परिसर की दीवारों की पेंटिंग। डी) जंग को रोकने और सुरक्षात्मक कार्यों के जीवन को बढ़ाने के लिए टनल, घाट सुरक्षात्मक कार्यों, टनल की सामने की दीवारों की पेंटिंग । लगभग मूल्य रू में 482.10 लाख।बयाना राशि रू में–391100 समापन अवधि 12 महीने।
**क्रम संख्या- 6.** कार्य का नाम – पारसिक टनल (सीएसएमटी छोर) के वाघोबा नगर में 5वीं लाइन की ओर झुकी हुई दीवार का पुनर्निर्माण। लगभग मूल्य रू 410.36 लाख। बयाना राशि रू में–355200 समापन अवधि 6 महीने।
**क्रम संख्या- 7.** कार्यकानाम – क) एसएसई (वर्क्स) भायखला और एसएसई (वर्क्स) भायखला अस्पताल और एसएसई (वर्क्स) दादर के तहत भूमिगत जल निकासी प्रणाली की सफाई, ख) 24 महीने के लिए एडीईएन (वर्क्स) भायखला के तहत ओवर हेड और अंडर-ग्राउंड वाटर टैंकों की सफाई। लगभग मूल्य रू.163.61 लाख। बयाना राशि रू में– 231800 समापन अवधि 24 महीने।
**क्रम संख्या- 8.** कार्य का नाम – डीईएन (ई) बीबी के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदार के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग संयंत्रों और मशीनरी के साथ पटरियों की फ्लश बट वैल्डिंग। लगभग मूल्य रू.173.95 लाख। बयाना राशि रू में– 237000 समापन अवधि 12 महीने।
**क्रम संख्या- 9.** कार्य का नाम – वरिष्ठ डीईएन (एनई) क्षेत्राधिकार में एसएसई (पीवे) वासिंद के अंतर्गत खदावली और आसनगांव यार्ड में सुधार। लगभग मूल्य रू.188.48 लाख।बयाना राशि रू में–244300 समापन अवधि 8 महीने।
**क्रम संख्या- 10.** कार्य का नाम – क) एडीईएन (टी) कल्याण के तहत कर्जत, नेरल, वंगानी, बुदलापुर और अंबरनाथ में सभी स्टाफ क्वार्टरों के क्षतिग्रस्त और चोक ड्रेनेज सिस्टम, 2 सीवेज लाइन, जल आपूर्ति प्रणाली और गार्डन, क्षतिग्रस्त कॉलोनी रोड, प्लास्टर, दरवाजे, खिड़कियां, टपकती छत आदि सहित क्वार्टरों की मरम्मत। बी) एडीईएन (टी) कल्याण के तहत विठ्ठलवाड़ी-कर्जत के बीच सभी स्टेशनों के सभी सेवा भवनों और सभी शेड की स्टील पेंटिंग, सुरक्षा ग्रिल, बाड़ लगाना, सीओपी शेड आदि की पेंटिंग । ग) एडीईएन (टी) कल्याण के तहत विठ्ठलवाड़ी-कर्जत के बीच रेलवे क्वार्टरों की पेंटिंग। डी) एडीईएन (टी) कल्याण के तहत विठ्ठलवाड़ी-कर्जत के बीच एफओबी और आरओबी की पेंटिंग। लगभग मूल्य रू.343.42 लाख।बयाना राशि रू में–321700 समापन अवधि 12 महीने।
उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1 और 2 दिनांक 07.01.2025, क्र. 3 दिनांक 20.01.2025, क्र.4 दिनांक 15.01.2025, क्र.5 दिनांक 09.01.2025, क्र.6 और 7 दिनांक 10.01.2025, क्र.8 दिनांक 23.01.2025 , क्र.9 और 10 दिनांक 13.01.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। www.ireps.gov.in वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल।फोन– 022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमटमुंबई–400001 के "नोटिसबोर्ड" पर भी उपलब्ध है।
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट
SUN 628 टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

संपादकीय

# असंसदीय कृत्य

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा। कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

# एक साथ चुनाव की आकांक्षा से परे भी देखें



मतदाता और निर्वाचित प्रतिनिधि के बीच संबंध मांग और आपूर्ति जैसा है। लोकतंत्र में जनता द्वारा चुनकर आए प्रतिनिधि वोटर की आकांक्षाओं की पूर्ति करने की दिशा में काम करते हैं। सत्तारूढ़ पार्टी जहां अपने चुनावी वादों पर अमल करने की कोशिश करती है वहीं कभी-कभी अपना वह दृष्टिकोण लागू करने को काम करती है, जो उसके हिसाब से लोगों और देश के लिए अच्छा है।

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का संकल्प भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा तो हो सकता है, लेकिन समाज के किसी भी वर्ग द्वारा इसकी मांग नहीं की गई थी, हालांकि कुछ लोगों को लगता है कि भारत 'बहुत अधिक लोकतंत्र' से ग्रस्त है। किंतु, सत्तारूढ़ पार्टी 'एक देश-एक चुनाव' की खूबियों को लेकर काफी आश्वस्त है, यह उसके नेतृत्व द्वारा बार-बार किए दावों और जिस प्रकार का मसौदा राम नाथ कोविंद समिति बनाते वक्त सौंपा गया था, उससे स्पष्ट है। इसकी सिफारिशें पहले से तय निष्कर्ष हैं, लेकिन जिस तेजी से सरकार ने इस पर काम किया, उसने कई लोगों को चौंकाया। खंडित जनादेश से टिकी एनडीए सरकार से बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह इस मामले को इतनी शिद्दत से आगे बढ़ाएगी, खासकर जब इस पर कार्यान्वयन होना दूर की कौड़ी है। एक व्यवस्था जो एक दशक बाद लागू होनी है, उस पर कानून बनाने की सरकार की जल्दबाजी वाली 'दूरदर्शिता' दिलचस्प है। साल 2024 के आम चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक (नारीशक्ति वंदन अधिनियम) पारित करने में इसी किस्म की तत्परता दिखाई थी। फर्क यह कि महिलाओं वाला विधेयक पारित करने में सभी पक्ष एकमत थे, वहीं 'एक देश-एक चुनाव' संबंधी 129वें संविधान संशोधक विधेयक की वांछनीयता पर मतभेद हैं। सरकार को विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को भेजने में आपत्ति नहीं हुई क्योंकि उसे पता था इससे विपक्ष संतुष्ट होगा और उसकी अपनी खुली सोच झलकेगी। जल्दबाजी में विधेयक पारित करना उद्देश्य नहीं हो सकता, इसे पटल पर लाना और आम सहमति की संभावना खोलना मंतव्य है ताकि लगे कि वे 'बड़े' चुनावी सुधार पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। लेकिन क्या ऐसा है?

संविधान में इस आशय का स्पष्ट प्रावधान हुए बिना, 1951 के बाद से, 15 वर्षों तक देशभर में चुनाव एक साथ होते रहे। लेकिन सत्ता राजनीति के उतार-चढ़ाव और गतिशीलता के कारण यह शृंखला टूट गई। किसी सरकार के पक्ष में या खिलाफ वोट का हक लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व है। बेशक यह विधेयक सत्तारूढ़ पार्टी को दिया समर्थन वापस लेने का हक नहीं छीनता, लेकिन मतदाताओं को ऐसी सरकार चुनने का 'हक' देता है, जो बीच कार्यकाल सदन में बहुमत खोने के बावजूद बाकी अवधि के लिए राज करती रहे। इस प्रकार, एक निवर्तमान निर्वाचित शासन सीमित अवधि के लिए आगामी निर्वाचित विकल्प हेतु मार्ग प्रशस्त करेगा।

**अशोक लवासा**

इस तरह, सब चुनाव एक साथ करने के शौक में मतदाता पांच साल में एक बार खेलने को ऐसी टीम (सरकार) चुनेंगे जिसके मुख्य खिलाड़ी (सरकार) चोटिल होने (बहुमत खोने) के बावजूद वह एक्सट्रा या नाइटवॉचमैन के रूप में शासन करती रहे। इस प्रकार, उपचुनाव में किसी संसद या विधानसभा सदस्य को चुनने के लिए जो प्रणाली अब लागू है, तब वह मध्यावधि चुनाव की स्थिति बनने पर पूरे सदन के लिए लागू हो जाएगी।

सांसद इस पर विचार कर सकते हैं कि क्या लोगों के अधिकारों को ऐसे तोड़ना-मरोड़ना लोकतंत्र का चरित्र हनन नहीं? यह द्वैत बनाने से क्या हासिल होगा? क्या एक साथ चुनाव इतना पवित्र उद्देश्य है या फिर लोकतांत्रिक विकल्प प्रदान करने वाले मौलिक सिद्धांत को प्रबंधकीय दक्षता बनाने के अधीन बना दिया जाए? कानून निर्माताओं की समझ की परीक्षा हो रही है। आखिरकार, संविधान निर्माताओं ने एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान नहीं किया और किसी आपातकालीन स्थिति की अनिवार्यताओं से निबटने के लिए, संवैधानिक ढांचे के भीतर रहते हुए, इस पर निर्णय का काम भारत के चुनाव आयोग पर छोड़ दिया। कोई भी व्यक्ति एक लघु, त्वरित, एकल पूर्वानुमानित प्रक्रिया – खासकर जब इसमें एक अरब लोग शामिल हों – के लाभों पर किंतु-परंतु नहीं कर सकता। चुनाव कराना नियमित लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, लेकिन यह यूपीएससी परीक्षा की तरह नहीं, जो एक तय कार्यक्रमानुसार, साल में एक बार सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। प्रशासनिक दक्षता वांछनीय है और ऐसे तरीके हो सकते हैं जिनसे चुनाव संचालन कम वक्त खपाऊ और कम मानव संसाधन इस्तेमाल करने वाला बन सके।

राजधानी में वायु गुणवत्ता खतरनाक है, खासकर संसद के बाहर, भूजल का गिरता स्तर, नदियों का प्रदूषण, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति और पर्यावरण का क्षरण सरकार के लिए अधिक तात्कालिक और दबावपूर्ण मुद्दे हैं और इन पर भी एक साथ चुनाव जितना ही ध्यान देने की आवश्यकता है।


भारत के नागरिक मताधिकार का बार-बार प्रयोग करके नहीं थके, लेकिन वे एक सभ्य जीवन जीने की आकांक्षाएं पूरी होने की प्रतीक्षा करते-करते थक चुके हैं।

**जीवन मंत्र** — जे कृष्णमूर्ति

# बेचैन मन से शांति की तलाश

> किसी दूसरे के बारे में प्रसन्न होकर या दुष्टतापूर्वक बातें करना अपने आप से पलायन है और पलायन बेचैनी का कारण है। पलायन अपने स्वभाव में ही बेचैन करने वाला है। दूसरों के बारे में चिंता करने की बीमारी ज्यादातर लोगों में होती है, और यह रोग चारों तरफ दिखाई देता है।

प्रलाप और चिंता में अजीब तरह की समानता है। ये दोनों ही अशांत मन की उपज हैं। एक बेचैन मन के भाव और क्रियाकलाप तेजी से बदलते हैं, अधीर मन किसी न किसी काम में उलझा मिलेगा; इसमें खलबली बढ़ती जाती है, बेचैन मन की दिलचस्पी भी तेजी से बदलती है और प्रलाप में ये सभी तत्व शामिल होते हैं। संघनता और गंभीरता के ठीक विपरीत है प्रलाप। किसी दूसरे के बारे में प्रसन्न होकर या दुष्टतापूर्वक बातें करना अपने आप से पलायन है और पलायन बेचैनी का कारण है। पलायन अपने स्वभाव में ही बेचैन करने वाला है। दूसरों के बारे में चिंता करने की बीमारी ज्यादातर लोगों में होती है, और यह रोग चारों तरफ दिखाई देता है। जैसे हम इस बात से चिंतित होते हैं कि दूसरे हमारे बारे में क्या सोचते हैं, वैसे ही हम उनके बारे में भी सब कुछ जानने को उत्सुक रहते हैं और इससे दंभ के कच्चे अंकुर पैदा होते रहते हैं। इस प्रकार हम ज्यादा से ज्यादा बाहरी होते जाते हैं और आंतरिक रूप से खोखले। याद रखिए, हम जितना अधिक बाह्य होंगे, अफवाहों और विचलन के उतने ही ज्यादा संपर्क में होंगे, और यह एक ऐसे मन को जन्म देगा,



जो कभी शांत नहीं होता; जो गहरी खोज में सक्षम नहीं है।

प्रलाप बेचैन मन की अभिव्यक्ति है; पर खामोशी शांत मन का संकेत नहीं है। संयम या नकार से शांति अस्तित्व में नहीं आती; बल्कि जो है, उसकी समझ से आती है। और जो है, उसको समझने के लिए गहन जागरूकता की आवश्यकता है, क्योंकि जो है, वह स्थिर नहीं है। यदि हम चिंता न करें, तो अधिकांश लोगों को यही लगेगा कि हम जीवित नहीं हैं; किसी न किसी समस्या से जूझते रहना हममें से अधिकांश लोगों के लिए अस्तित्व का संकेत है। हम किसी समस्या के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं कर सकते; और जितना अधिक हम किसी समस्या में व्यस्त होते जाते हैं, यह सोचते हैं कि हम उतने ही जागरूक हैं। किसी समस्या को लेकर निरंतर तनाव मन को सुस्त बनाता है, उसे असंवेदनशील और थका देता है।

किसी समस्या में निरंतर व्यस्तता क्यों बनी रहती है? क्या चिंता करने से समस्या का समाधान हो जाएगा? या किसी समस्या का उत्तर तब आता है, जब मन शांत होता है? चिंता गंभीरता की झलक रखती है, उससे पैदा नहीं होती, बल्कि गहराई से देखें, तो यह आकर्षण की उपज है, और आकर्षण हमेशा बदलता रहता है, इसलिए चिंता व प्रलाप भी तेजी से बदलते हैं। मन की बेचैनी को समझने पर ही प्रलाप और चिंता का अंत हो सकता है। याद रखिए, एक बेचैन मन, चाहे वह कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, समझ और खुशी को नष्ट कर देता है!

**जीवन ऊर्जा** — गुरु गोबिंद सिंह : जन्म 22 दिसंबर 1666 — **जन्म**

# इंसान से प्रेम करना ही, ईश्वर की सच्ची आस्था और भक्ति है

> गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें गुरु थे। वे एक आध्यात्मिक गुरु, योद्धा, कवि और दार्शनिक थे। उनका जन्म 22 दिसंबर 1666 में हुआ था। सिख धर्म में उनके उल्लेखनीय योगदानों में 1699 में खालसा नामक सिख योद्धा समुदाय की स्थापना करना है। उन्होंने फाइव केएस का परिचय दिया था जो विश्वास के पांच लेख है जो खालसा सिख हर समय पहनते हैं। गुरु गोबिंद सिंह को दशम ग्रंथ का श्रेय दिया जाता है, जिनके भजन सिख प्रार्थनाओं और खालसा अनुष्ठानों का एक पवित्र हिस्सा हैं। उन्हें सिख धर्म के प्राथमिक ग्रंथ और शाश्वत गुरु के रूप में गुरु ग्रंथ साहिब को अंतिम रूप देने और स्थापित करने का श्रेय भी दिया जाता है।

अगर आप केवल अपने भविष्य के ही विषय में सोचते रहें तो, आप अपने वर्तमान को भी खो देंगे। जब आप अपने अन्दर बैठे अहंकार को मिटा देंगे, तभी आपको वास्तविक शांति की प्राप्ति होगी।

इंसान से प्रेम करना ही, ईश्वर की सच्ची आस्था और भक्ति है। जब इंसान के पास सभी तरीके विफल हो जाएं, तब ही हाथ में तलवार उठाना सही है। इंसान को सबसे वैभवशाली सुख और स्थायी शांति तब ही प्राप्त होती है, जब कोई अपने भीतर बैठे स्वार्थ को पूरी तरह से समाप्त कर देता है। ईश्वर ने हमें जन्म दिया है ताकि



हम संसार में अच्छे काम करें और बुराई को दूर करें। आप अपनी जवानी, जाति और कुल धर्म को लेकर कभी भी घमंडी ना बनें; उससे हमेशा बचे। अज्ञानी व्यक्ति पूरी तरह से अंधा होता है; वह गहने के मूल्य की सराहना नहीं करता है, बल्कि उसके चकाचौंध की तारीफ करता है।

वह व्यक्ति हमेशा खुद को अकेला पाता है जो लोगों के लिए जुबान पर कुछ और दिल में कुछ और ही रखता है। यदि तुम असहाय और कमज़ोरों पर तलवार उठाते हो, तो एक दिन ईश्वर भी आपके ऊपर अपना तलवार चलाएगा।

मैं सिर्फ उन्हीं लोगों को पसंद करता हूं, जो हमेशा सत्य के मार्ग पर चलते है। आप सदैव दिन-रात, हमेशा ईश्वर का स्मरण करें।

**सक्सेस मंत्र**


## रुकावटें हौसले को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाती हैं

किसी बड़े अभियान या परीक्षा में नाकाम होने पर निराश, हताश और उदास होना स्वाभाविक है। ऐसी विकट परिस्थिति में उदासी को आशा की किरणों में बदलना बेशक एक कला है। जो व्यक्ति इसमें कामयाब हो जाता है उसे अगले लक्ष्य को पाने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी ही कुछ प्रेरणा चंद्रयान-2 मिशन की असफलता भी हर व्यक्ति को देती है।

नाकामयाबी में किसी को हौसला देना उसे नई जिंदगी देने जैसा होता है। यही काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार तड़के किया। चन्द्रयान-2 मिशन कामयाबी से एक मिनट नौ सेकंड दूर था कि वह अपना संतुलन खो बैठा। इस नाकामयाबी का तनाव कल रात दो बजे हमारे देश के वैज्ञानिकों के चेहरों पर साफ दिख रहा था। जब लैंडर चंद्रमा से 2.1 किलोमीटर दूर था वह रास्ता भटक गया। इसके बाद प्रधानमंत्री इसरो कंट्रोलरूम में मौजूद एक-एक वैज्ञानिक पास गए और उनकी जीतोड़ मेहनत के लिए उनकी तहेदिल तारीफ की। उन्हें बताया कि हमेशा याद रखें, मन के हारे हार है मन के जीते जीत। इस असफलता के बाद भी इसरो के चेयरमैन के शिवन का धैर्य रेखाँकित करने वाला था। किस तरह वे स्क्रीन पर नजरें टिकाए थे। किस कदर वे सयंत होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपडेट कर रहे थे। और किस प्रकार अपने मनोभावों को काबू किये थे, यह सीखने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह आठ बजे वैज्ञानिकों को संबोधित किया। उन्होंने वैज्ञानिकों का हौसला भी बढ़ाया। उनकी कई बातें किसी असफलता के बाद सक्सेस के लिए प्रेरित करने जैसी थी।

**शख्सियत** — श्रीनिवास अयंगर रामानुजन

## महान भारतीय गणितज्ञ



श्रीनिवास अयंगर रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। उन्हें आधुनिक समय के महानतम गणितीय विचारकों में गिना जाता है। उन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी उन्होंने विश्लेषण और संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में व्यापक योगदान दिया। उन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत आविष्कार किए, बल्कि भारत को अतुलनीय गौरव भी दिलाया।

रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को वर्तमान तमिलनाडु के इरोड में एक तमिल ब्राह्मण अयंगर परिवार में हुआ था। उनके पिता, कुप्पुस्वामी श्रीनिवास अयंगर, मूल रूप से तंजावुर जिले के रहने वाले थे, एक साड़ी की दुकान में क्लर्क के रूप में काम करते थे। उनकी मां, कोमलताम्मल, एक गृहिणी थीं और एक स्थानीय मंदिर में गाती थीं। वे कुंभकोणम शहर में सारंगपानी सन्निधि स्ट्रीट पर एक छोटे से पारंपरिक घर में रहते थे। पारिवारिक घर अब एक संग्रहालय है। गणित के क्षेत्र में अपने समय के कई दिग्गजों को पीछे छोड़ने वाले श्रीनिवास रामानुजन ने मात्र 32 साल के जीवनकाल में पूरी दुनिया को गणित के कई सूत्र और सिद्धांत दिए। गणित के क्षेत्र में रामानुजन किसी भी तरह से गॉस, यूलर और आर्किमिडीज़ से कम नहीं थे। कोई औपचारिक शिक्षा न लेने के बावजूद रामानुजन ने उच्च गणित के क्षेत्र में ऐसी उल्लेखनीय खोजें कीं कि उनका नाम इस क्षेत्र में अमर हो गया। उन्होंने स्वयं गणित सीखा और अपने जीवनकाल में गणित के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध हो चुके हैं। उन्होंने अपने गणितीय अंतर्ज्ञान और बीजगणितीय गणना की अद्वितीय प्रतिभा के बल पर कई मौलिक और अपरंपरागत परिणाम निकाले, जिसने आज तक अनुसंधान को प्रेरित किया, हालांकि उनकी कुछ खोजों को अभी तक गणित की मुख्यधारा में नहीं अपनाया गया है। उनके सूत्र अनेक वैज्ञानिक खोजों में सहायक बने। हाल ही में उनके सूत्रों का उपयोग क्रिस्टलोग्राफी में किया गया है। उनके कार्यों से प्रभावित होकर गणित के क्षेत्रों में हो रहे कार्यों के लिए रामानुजन जर्नल की स्थापना की गई है। उन्हें तपेदिक और गंभीर विटामिन की कमी का पता चला था और उन्हें एक सेनेटोरियम में रखा गया था। 1919 में, वह कुंभकोणम, मद्रास प्रेसीडेंसी लौट आए और 1920 में 32 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

2011 में, उनके जन्म की 125वीं वर्षगांठ पर, भारत सरकार ने घोषणा की कि 22 दिसंबर को हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



# हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध और सर्वश्रेष्ठ कवि तुलसीदास

**पन्द्रह सौ चौवन विसे**
**कालिन्दी के तीर ।**
**श्रावण शुक्ला सप्तमी,**
**तुलसी धरयो शरीर ।।**
**संवत सोलह सौ असी,**
**असी गंग के तीर।**
**श्रावण शुक्ला सप्तमी,**
**तुलसी तज्यो शरीर ।।2।।**



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

उक्त दोहे के अनुसार संतमुनि श्रेष्ठ तुलसीदास जी का देहान्त संवत 1680 में काशी के असी घाट श्रावण शुक्ल की सप्तमी श्रावण शुक्ल की सप्तमी पर हुआ है।

तुलसीदास (1497-1623.) एक हिंदू संत और कवि थे। तुलसीदास भगवान राम के प्रति अपनी महान भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। तुलसीदास ने कई रचनाओं की रचना की, लेकिन उन्हें महाकाव्य रामचरितमानस के लेखक के रूप में जाना जाता है, जो स्थानीय अवधी भाषा में संस्कृत रामायण का पुनर्लेखन है। तुलसीदास जी को संस्कृत में मूल रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का पुनर्जन्म माना जाता था। उन्हें हनुमान चालीसा का संगीतकार भी माना जाता है, जो अवधी में भगवान हनुमान को समर्पित एक लोकप्रिय भक्ति भजन है।



तुलसीदासजी ने अपना अधिकांश जीवन वाराणसी शहर में बिताया। वाराणसी में गंगा नदी पर प्रसिद्ध तुलसी घाट का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया है। माना जाता है कि भगवान हनुमान को समर्पित प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर की स्थापना तुलसीदास ने की थी।

हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार, तुलसीदासजी का जन्म श्रावण, शुक्ल पक्ष सप्तमी को हुआ था और इस दिन कवि तुलसीदास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। तुलसीदास को गोस्वामी तुलसीदास के नाम से भी जाना जाता है।

तुलसीदास जी ने समाज की तत्कालीन स्थिति को समझा और उस पर अध्ययन किया। इसी दीर्घकालीन अनुभव और अध्ययन का परिणाम तुलसीदास जी की अमूल्य कृतियां हैं, जो उस समय के भारतीय समाज के लिए तो उन्नायक सिद्ध हुई और आज भी मानव जीवन को मर्यादित करने के लिए उतनी ही उपयोगी हैं। अपने जीवनकाल में तुलसीदास जी ने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें रामचरित मानस, कवितावली, विनय पत्रिका, दोहावली, गीतावली, जानकी मंगल, हनुमान चालीसा, बरवै रामायण आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। तुलसीदास जी को संस्कृत विद्वान होने के साथ ही हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध और सर्वश्रेष्ठ कवियों में एक माना जाता है। रामचरित्र मानस के अमर रचयिता तुलसीदास जी को शत शत नमन।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन के लिए स्वच्छ आंध्र नगर निगम अधिकारियों का दौरा

**स्वच्छता**

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) ने ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन के अत्याधुनिक उपायों के जरिए अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इसकी परियोजनाओं को देखने और समझने के लिए देश-विदेश के विशेषज्ञ लगातार यहां का दौरा करते रहते हैं।



### अनुकरणीय मॉडल बना नवी मुंबई

नवी मुंबई नगर निगम का यह मॉडल देश में अन्य नगर निकायों के लिए प्रेरणादायक बन रहा है। अध्ययन समूह ने यहां की प्रणाली को प्रभावशाली और अनुकरणीय बताया, जो शहर के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में मददगार साबित हो रही है।

### आंध्र प्रदेश के अध्ययन समूह का निरीक्षण

आंध्र प्रदेश के स्वच्छ आंध्र नगर निगम के एक उच्च स्तरीय अध्ययन समूह ने नवी मुंबई का दौरा किया। उन्होंने ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन प्रणालियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और नवी मुंबई नगर निगम द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली की सराहना की।

### आयुक्त ने दी विस्तृत जानकारी

नवी मुंबई नगर निगम के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने अध्ययन समूह का स्वागत किया। उन्होंने ठोस अपशिष्ट और सीवेज प्रबंधन के तहत की जा रही परियोजनाओं और प्रक्रियाओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें नवी मुंबई द्वारा स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में अपनाए गए परिष्कृत तरीकों को समझाया गया।

# स्वच्छता का संदेश देने के लिए 22 दिसंबर को हाफ मैराथन

**▶▶ पाम बीच रोड पर यातायात प्रतिबंध**

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई में 22 दिसंबर को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'स्वच्छ नवी मुंबई हाफ मैराथन' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पाम बीच रोड का एक किनारा सुबह 5:30 बजे से 9:00 बजे तक बंद रहेगा।

### आयुक्त की तैयारियों पर नजर

नवी मुंबई नगर निगम के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने हाफ मैराथन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयोजन की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### रूट और समय सारणी

21 किमी दौड़: सुबह 5:30 बजे शुरू होगी। धावक नवी मुंबई नगर निगम मुख्यालय से सानपाड़ा मोराज सर्कल तक जाएंगे और यू-टर्न लेकर मुख्यालय लौटेंगे।

10 किमी दौड़: सुबह 6:15 बजे शुरू होगी। यह रूट मुख्यालय से वज्रणी सिग्नल तक है, जहां से यू-टर्न लेकर प्रतिभागी मुख्यालय लौटेंगे।

5 किमी दौड़: सुबह 7:00 बजे शुरू होगी। प्रतिभागी मुख्यालय से अक्षर सिग्नल तक जाएंगे और यू-टर्न लेकर वापस मुख्यालय आएंगे।

### स्वच्छता का संदेश और व्यापक उत्साह

'स्वच्छ भारत मिशन' और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष रैंकिंग पाने वाले नवी मुंबई शहर के नागरिक स्वच्छता को लेकर सजग हैं। इसी के तहत हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नामांकन किया है।

### नागरिकों से सहयोग की अपील

मैराथन के दौरान यातायात परिवर्तनों के मद्देनजर नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। यह आयोजन स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

# 101 योग्य रेलवे कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



अश्विनी वैष्णव ने 21 दिसंबर 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह "अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी) समारोह-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय रेलवे को 22 शील्ड प्रदान की तथा विभिन्न श्रेणियों में सराहनीय एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए 101 योग्य रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### 7 मध्य रेलवे अधिकारियों को सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया

वर्ष 2024 के लिए, 7 मध्य रेलवे अधिकारियों (2 अधिकारी और 5 कर्मचारी) की सेवाओं को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्य रेलवे के 7 अधिकारियों और कर्मचारियों में से, पुणे मंडल के एक कर्मचारी मिलिंद एस खडक्कर, टीआई, पुणे मंडल को दिनांक 21.12.2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रदान किया।

# सोनू श्रीवास्तव को बेस्ट पॉलिटिकल जर्नलिस्ट अवार्ड




**मुंबई।** पत्रकार सोनू श्रीवास्तव को पत्रकार विकास संघ ने शनिवार को बेस्ट पॉलिटिकल जर्नलिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी और मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र के करकमलों द्वारा सोनू श्रीवास्तव को पत्रकार विकास संघ की ट्राफी, शाल और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया है। पिछले 12 सालों महाराष्ट्र की सत्ता के गलियारों और नौकरशाही पर पैनी नज़र रख रहे सोनू श्रीवास्तव ने इस पुरस्कार के लिए पत्रकार विकास संघ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पूर्वी रेलवे की 30 लोकल ट्रेनें एक तारीख से रद्द

**डीबीडी संवाददाता । कोलकाता**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि कुछ ट्रेनों का संचालन बदले हुए मार्ग से भी किया जाएगा। ऐसा हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच पुराने बनारस रोड ओवरब्रिज की जगह एक पुल के निर्माण की वजह से किया गया है। हावड़ा डिवीजन के प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि इससे रूट की कुछ ट्रेनों के संचालन में देरी भी होगी। इनमें 12370 देहरादून-हावड़ा कुंभा एक्सप्रेस, 12328 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस, 15272 मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस, 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस और रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस शामिल हैं।

# मदार-पालनपुर सेक्शन के बीच आरसीसी बॉक्स की लॉन्चिंग

**▶▶ पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मदार-पालनपुर सेक्शन पर चंदावल और बागड़ी नगर के बीच पुल संख्या 552 पर आरसीसी बॉक्स लॉन्च करने के लिए 23 दिसंबर, 2024 को ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस दिन चलने वाली प्रभावित ट्रेनों के मार्ग में बदलाव होंगे।

### 23 दिसंबर, 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें:



#### - बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस

यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग से वाया मारवाड़-जोद्धपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा चलेगी। इस मार्ग पर यह ट्रेन पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड और डेगाना स्टेशनों पर रुकेगी।

#### जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस

यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग से वाया जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा-अजमेर चलेगी। इस मार्ग पर यह ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना और फुलेरा स्टेशनों पर रुकेगी।

#### इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस

यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग से वाया अजमेर-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोद्धपुर चलेगी। इस मार्ग पर यह ट्रेन फुलेरा, डेगाना और मेड़ता रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

#### - श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस

यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग से वाया फुलेरा-मेड़ता रोड-जोद्धपुर-मारवाड़ चलेगी। इस मार्ग पर यह ट्रेन डेगाना, मेड़ता रोड, जोधपुर और पाली मारवाड़ स्टेशनों पर रुकेगी।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और भुज के बीच चलाएगी दो शीतकालीन स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा शीत ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भुज के बीच विशेष किराये पर दो शीतकालीन सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।



### बांद्रा टर्मिनस- भुज सुपरफास्ट स्पेशल

ट्रेन संख्या 09471 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 12.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 03.30 बजे भुज पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 और 30 दिसंबर, 2024 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09472 भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल रविवार को भुज से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 और 29 दिसंबर, 2024 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद, सामाखयाली और गांधीधाम स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

### बांद्रा टर्मिनस – भुज सुपरफास्ट स्पेशल [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09473 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 09.55 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23.30 बजे भुज पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 दिसंबर, 2024 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09474 भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार को भुज से 15.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 दिसंबर, 2024 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद, सामाखयाली और आदीपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3- टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

# महाराष्ट्र के कल्याण अदालत में चौंकाने वाली घटना

**▶▶ पुलिस कर्मियों के सामने अदालत में बंदूक के साथ घूमता दिखाई दिया एक निजी अंगरक्षक**

**▶▶ कल्याण कोर्ट में पुलिस के सामने बंदूक लेकर घूमने का एक व्यक्ति वीडियो वायरल**

**डीबीडी संवाददाता । दिल्ली**

दिल्ली के साकेत कोर्ट में एक वकील द्वारा एक महिला पर चार राउंड फायरिंग करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई थी, लेकिन इस घटना के बाद भी पुलिस ने कोई सबक नहीं सीखा है। अब महाराष्ट्र के कल्याण अदालत एक वीडियो सामने आया है जिस वीडियो में एक बंदूकधारी बिंदास अदालत में घूमता दिखाई दिया। इतना ही नही तो वह पुलिस के सामने घूमता दिखाई दे रहा है। इस घटना यह साफ पता चलता है कि अदालत की सुरक्षा का तीन-तेरह बजा हुआ है। बता दें कि, कल्याण अदालत में जज के चैंबर के बाहर एक शख्स बंदूक लेकर खड़ा था, कुछ वकीलों ने उसे बाहर जाने को कहा, लेकिन वह बाहर नही गया, पुलिस ने उस शख्स को अदालत से बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन वह बंदूकधारी अदालत के हर फ्लोर पर घूमते देखा गया। जब उसे एहसास हुआ कि कोई मोबाइल फोन से उसका वीडियो बना रहा है, तो वह अदालत से बाहर भाग गया। बंदूकधारी से पूछताछ करने की कोशिश करने पर उसने कहा कि वह महेश भोईर का अंगरक्षक था। लेकिन महेश भोईर कौन है ? यह किसी को पता नहीं है। खबर है कि महेश भोईर किसी अपराध के सिलसिले में कल्याण अदालत आया हैं।




### कल्याण अदालत ने बाहर नोटिस पर लिखा है

जिला एवं अतिरिक्त सत्र अदालत के संपूर्ण परिसर एवं भवनों में किसी भी प्रकार के खतरनाक हथियार, आग्नेयास्त्र एवं कानून द्वारा निषिद्ध अन्य हथियार (कानून प्रवर्तन अधिकारियों, कर्मचारियों को छोड़कर) एवं किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद, नशीली दवाओं को लाना और रखना न्यायालय, कल्याण न्यायालय सख्त वर्जित है। ध्यान रहे कि ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी आदेशानुसार।।। इस तरह का नोटिस अदालत में लगाया गया हैं लेकिन फिर भी बंदूकदारी बिंदास पुरे अदालत मे घूम रहा था। अब अवैध हथियार कोर्ट में लाने पर क्या कार्रवाई होती है, ये देखना अहम होगा।

# 4 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न

**आरोपी गिरफ्तार**

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**



महाराष्ट्र के डोंबिवली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी हैं जहां चार की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चंद्रकांत हिवाले के रूप में हुई है, जो डोंबिवली में अपने परिवार के साथ रहता है, जबकि पीड़िता भी उसी इलाके में रहती है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 19 दिसंबर को डोंबिवली में हुई, जब पीड़िता अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी आरोपी हिवाले आया और बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता ने आरोपी की हरकतों का विरोध किया। पीड़िता ने काम से लौटने पर अपनी मां को पूरी घटना बताई, आरोपी की हरकत सुनकर उसकी मां सुन्न रह गई, माँ पीड़िता बच्ची के साथ पुलिस स्टेशन पहुंची और आरोपी हिवाले के खिलाफ विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विष्णु नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय पवार ने कहा, हमने एक 45 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसने एक चार वर्षीय बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया। बच्ची अपने घर के बाहर थी जब आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय चंद्रकांत हिवाले के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर है आगे की जांच विष्णुनागर पुलिस कर रही है।

## राशिफल | प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

**वृष:** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

**मिथुन:** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा।

**कर्क:** बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

**सिंह:** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**तुला:** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृश्चिक:** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

**धनु:** कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें।

**मकर:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं।

**कुंभ:** आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

**मीन:** रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

# हस्त रेखा ज्ञान के माध्यम से मुख्य रेखाएं जानें

हम अगर हस्तरेखा के अनुसार पुरुष का हाथ देख रहे हो तो हमें दाएं हाथ देखना चाहिए और उसके अनुसार ही उसका फलादेश करना चाहिए। अगर उस पुरुष का विवाह नहीं हुआ है तो उसके दोनों हथेलियों को हमें देखना होता है और दोनों के संबंध आगे किस प्रकार से घटित उसका जीवन होने वाला है। अगर वहाँ विवाह के संदर्भ में वह पूछ रहा है क्योंकि दाएं हाथ जो है वह पुरुष का मान्य है और जो बाएं हाथ होता है वह स्त्री का मान्य होता है। जैसे कुंडली में नवांश जीवनसाथी के बारे में देखा जाता है उसी प्रकार से हस्तरेखा और हम पार्टनर के लिए देख रहे हैं तो हमें बाएं हाथ पुरुष के संदर्भ में हमें देखना चाहिए उसी से हमे इसका ज्ञान होगा कि उसका जो आने वाला पार्टनर है उसके साथ अर्थात जिससे उसका विवाह होने वाला है वह जातक किस प्रकार से है क्या उसका स्वभाव है बहुत सारी ऐसी बात है हमें पता लग जाती हैं। इस प्रकार से हम जान सकते हैं कि का हमेशा दाएं






प्रियंका जैन
9769994439

हाथ देखना चाहिए। दाएं हाथ से ही पुरुष का फलादेश हमें करना चाहिए। हस्तरेखा माध्यम से यह बात पुरुष के लिए थी। किसी लड़की की हाथ की रेखा अगर हम हस्तरेखा के माध्यम से देख रहे है तो हमें हमेशा बाय हाथ की रेखाएं देखनी चाइये। इससे हमे स्त्री के विषय के बारे में ज्ञान होता है कि उसका आने वाला जीवन कैसा व्यतीत होने वाला है, उसका विवाहित जीवन कैसा रहेगा आदि। वही अगर हम किसी स्त्री की हस्तरेखा देख रहे है व उसका प्रश्न है की उसका विवाहित जीवन कैसा होगा या उसका जीवनसाथी कैसा होगा तो उसके लिए हमे उस स्त्री का दाएं हाथ की रेखा को देखना चाहिए और उसके अनुसार ही हमें उसका फलादेश करना चाहिए की उसके आने वाला भविष्य कैसा होगा या उसका जीवनसाथी होगा या उसका विवाहित जीवन कैसा रहेगा। तो यह बात स्त्री वर्ग के विषय के माध्यम से थी।

**हस्त रेखा ज्ञान के माध्यम से मुख्य रेखाएं कौन-कौन सी होती है?**


जीवन रेखा
विवाह रेखा
भाग्य रेखा
संतान रेखा
मणिबंध रेखा
हृदय रेखा
मस्तिष्क रेखा
सूर्य रेखा।

खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सुल्तानगंज।** बिहार के सुल्तानगंज मुख्य मार्ग के पसिया मोड़ के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलहर में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के रामपुर इस्माइल बहादुर गांव निवासी मिथुन कुमार (पिता छोटे राम) और राजू कुमार (पिता सोनाराम) मोंगिया टीएमटी सरिया कंपनी का प्रचार करने के लिए साहबेगंज से नहर मोड़, रामपुर जा रहे थे। इसी दौरान, पीछे से आ रही एक बेलगाम ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में राजू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मिथुन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया। ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया गया है।

### लोन के दबाव में आकर महिला ने लगाई फांसी



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले में कर्ज चुकता करने में असमर्थ एक महिला ने खुदकुशी कर ली है। यह घटना सरसी थाना क्षेत्र के मोगलिया पुरंदहा पूर्व पंचायत के बरैना की बताई जा रही है। मृतक महिला की पहचान बरैना टोल वार्ड नम्बर 08 निवासी लवकुंज महतो की 28 वर्षीय पत्नी बेबी देवी के रूप में हुई है। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मृतका के परिजन और उसकी बहन का कहना है कि बेबी ने महिला ग्रुप से लोन लिया था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह ग्रुप लोन चुकाने में असमर्थ थी। शुक्रवार को लोन का किस्त लेने कुछ लोग आये थे। इसके बाद यह घटना घटी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

महिला ने लिया था 40 हजार रुपये लोन

इधर, आसपास के लोगों का कहना है कि महिला ने किसी फाइनेंस कंपनी से 40 हजार रुपये लोन लिया था। जिसका मासिक किस्त 2500 रुपये चल रहा था। कंपनी की ओर से किस्त जमा करने के लिए उसपर लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

# बिजली चोरी से अफसर हैरान

- 10 दिन में पकड़े 1379 मामले, 7.10 करोड़ जुर्माना
- सपा सांसद व नेता भी आरोपी

**एजेंसी । संभल**

संभल शहर में चलाए गए बिजली चेकिंग अभियान में सितंबर से 20 दिसंबर तक 1379 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। इसमें 7.10 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। मुरादाबाद के मुख्य अभियंता एके सिंघल ने बताया कि लाइनलॉस वाले इलाके में 60 प्रतिशत तक की कमी आई है। रायसत्ती इलाके में लाइनलॉस सामान्य हो गया है। इस इलाके में 85 प्रतिशत तक लाइनलॉस हुआ करता था। इस इलाके में अब बिजली चोरी बंद हो गई है। बृहस्पतिवार को सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर 16 किलोवाट से ज्यादा का भार पाया गया था। जबकि दो मीटर दो-दो किलोवाट के लगे थे। इसमें जो बिजली चोरी का मामला सामने आया। इसमें 1.91 करोड़ का जुर्माना बिजली विभाग ने लगाया है। मुख्य अभियंता ने बताया कि संभल में कई प्रमुख जन-प्रतिनिधियों के परिसर व धार्मिक स्थलों में भी बिजली चोरी के मामले सामने आए। सभी मामलों में कार्रवाई की गई है।



### बिजली चोरी वाले इलाके चिह्नित किए

मुख्य अभियंता का कहना है कि संभल के मोहल्ला दीपा सराय, खग्गू सराय, मियां सराय, नखासा, चौधरी सराय, रुकनुद्दीन सराय, रायसत्ती, हातिम सराय, शहबाजपुर में सबसे ज्यादा लाइनलॉस होता है। इन इलाके में नियमित चेकिंग कराई गई है। इसके अलावा आगे भी चेकिंग की जाती रहेगी। बताया कि इन इलाके में कई बार चेकिंग टीम के साथ मारपीट तक की घटनाएं हो चुकी हैं।

### किस नेता पर कितना लगा है जुर्माना

एके सिंघल ने बताया कि संभल में बिजली चोरी का सबसे बड़ा मामला सांसद जियाउर्रहमान बर्क का सामने आया है। उनके खिलाफ 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां पर 55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान के आवास में बिजली चोरी पकड़ी गई थी। मीटर पूर्व मंत्री के बेटे के नाम से लगा था। दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

### चेकिंग में जब्त किया गया है एक टन केबल

मुख्य अभियंता ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक टन केबल जब्त किया गया है। इससे ही स्पष्ट है कि किस स्तर पर बिजली चोरी की जा रही थी। बताया कि धार्मिक स्थलों के ऊपर बिजली चोरी का नेटवर्क पकड़ा गया है। इसलिए अब निगरानी की जा रही है। साथ ही आर्मर्ड केबल खींचा जा रहा है। 42 किलोमीटर लंबाई में बिछाया जा चुका है। 30 किलोमीटर लंबाई में खींचा जाना बाकी है।

### लाइनलॉस घटा तो विभाग को होगा 4.5 करोड़ राजस्व का लाभ

शहर के कई इलाके में की जा रही बिजली चोरी को पूरी तरह रोकने से विभाग को 4.5 करोड़ के राजस्व का लाभ होगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि लाइनलॉस फिलहाल कम हो गया है। इसको बरकरार रखने के लिए नियमित चेकिंग की जाएगी। बताया कि आर्मर्ड केबल खींचने के बाद बिजली चोरी पर पूरी तरह अंकुश लग जाएगा।

## कोर्ट उठने तक हिरासत में लिए गए विशेष सचिव समाज कल्याण

- हाईकोर्ट ने अवमानना में सुनाई सजा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश की अवमानना में विशेष सचिव समाज कल्याण रजनीश चंद्र को कोर्ट उठने तक हिरासत में रहने की सजा सुनाई। साथ ही उन पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष सचिव शाम चार बजे तक हिरासत में रहे। कोर्ट ने कहा कि चार जनवरी 2025 तक जुर्माने का भुगतान नहीं किया गया तो एक महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने फतेहपुर की सहायक अध्यापिका सुमन देवी की अवमानना याचिका पर दिया। सुमन समाज कल्याण विभाग से संचालित डॉ.बीआर



अंबेडकर शिक्षा सदन में सहायक अध्यापिका थीं और अप्रैल 2022 को अवकाश प्राप्त किया। बीच सत्र में सेवानिवृति होने के कारण इन्होंने नियमानुसार सत्र लाभ के लिए आवेदन किया। आवेदन स्वीकार नहीं करने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

### रजनीश चंद्र लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं

रजनीश चंद्र स्टेट कोटे के आईएएस अफसर हैं। उन्हें 2021 में पीसीएस से आईएएस कैडर मिला। वे मूलरूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं। रजनीश चंद्र पूर्व में अपर निदेशक समाज कल्याण विभाग के पद पर तैनात रहे हैं।

## पटना से प्रयागराज के लिए 10 जनवरी से चलेंगी कुंभ स्पेशल ट्रेनें



**पटना।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर रेलवे ने पूरी तैयारी कर ली है। महाकुंभ पर श्रद्धालु यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कई कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही हैं। इनमें पटना से प्रयागराज तक, गया रूट से चलने वाली स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं। ये ट्रेनें 10 जनवरी से चलाई जाएंगी।

### कौन सी ट्रेन कब चलेगी

- 03219 पटना-प्रयागराज जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन: 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी और 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 व 28 फरवरी को खुलेगी।
- 03220 प्रयागराज जंक्शन-पटना कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन: 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी और 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 व 28 फरवरी को खुलेगी।
- 03689 गया-प्रयागराज जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन: 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी और 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 व 28 फरवरी को खुलेगी।
- 03690 प्रयागराज जंक्शन-गया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन: 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी और 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 व 28 फरवरी को खुलेगी।

# वाराणसी को टॉप-20 जिले में लाने की कवायद

- कमिश्नर ने दिए निर्देश; बोले- कोई खुले में न सोए

**एजेंसी । वाराणसी**

कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। कमिश्नर ने कहा कि कोई खुले में सोता हुआ न मिले। सभी अफसर निगरानी करते रहें। रैनबसेरों के संबंधित एसडीएम, एसीएम निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, लाई-चना, पीने के पानी, शौचालय, सफाईकर्मी, अलाव की व्यवस्था की जांच करें। साथ ही शनिवार शाम तक फोटो भेजें। नेडा की ओर से बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना में पंजीकरण पहले से बढ़ा है। वाराणसी में 7800 लोगों को लाभ मिल चुका है। कमिश्नर ने सभी सीडीओ को लंबित कार्यों और डाटा फीडिंग का तेजी से कराने को कहा ताकि जिले को टॉप-20 में लाया जा सके। दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा में मंडल के चारों जिले की निजी, सहकारी और सरकारी समिति की संख्या, विभिन्न संगठनों, किसानों की संख्या और दुग्ध की उत्पादकता की जानकारी एक सप्ताह में देने को निर्देशित किया गया। पेंशन के रिकॉर्ड को मैनुअल फीड करने को कहा गया। फैमिली आईडी बनाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग की कार्बन क्रेडिट योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी चारों जिले पौधरोपण में अच्छे पाए गए। इस पर दो ग्राम पंचायतों का नाम शासन में भेजने को कहा गया। निराश्रित गोवंशों की गोशालाओं का सीडीओ खुद निरीक्षण कर लें।

### वाद निस्तारण में पुरानी फाइलों को ऊपर रखें

कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने कहा कि वाद निस्तारण में पुरानी फाइलों को ऊपर रखा जाए। इसकी रैंडम जांच भी की जाए। कमिश्नर ने कहा कि धारा-34 के वाद वर्षों तक लंबित न रहे और आपत्ति वाली फाइल को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। वहीं, रिस्टोर के नाम पर वर्षों तक फाइल लंबित न रहे इसका भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने अंश निर्धारण, रियल टाइम खतौनी और पट्टों का आवंटन भी पूरा करने



को कहा। सभी डीएम को निर्देश दिए कि अगले डेढ़ महीनों में तहसीलों का निरीक्षण कर लें। पोर्टल पर कोई ऑडिट आपत्ति लंबित न रहे। बैठक में डीएम एस राजलिंगम, वन संरक्षक डॉ रवि कुमार सिंह, सीडीओ हिमांशु नागपाल समेत अन्य जिलों के अफसर वर्चुअल जुड़े।

### पीसीएस परीक्षा के सभी केंद्रों का करें निरीक्षण

कमिश्नर कौशल राज शर्मा और महानिरीक्षक वाराणसी रेंज मोहित गुप्ता ने रविवार को उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली पीसीएस परीक्षा की भी समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर कैमरे की व्यवस्था, क्लॉक रूम, प्रश्न पत्रों की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने को निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर सकुशल परीक्षा के लिए सभी मापदंडों को पूरा करने और केंद्रों पर बिजली, पानी की उचित व्यवस्था करने को कहा।



# पटना से भागलपुर होकर देवघर तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**भागलपुर।** पटना से देवघर के बीच वंदे भारत ट्रेन (patna deoghar vande bharat express) चलेगी। देवघर जाकर बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा करने वालों के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से सुविधाजनक होगी। इस ट्रेन का शेड्यूल, स्टॉपेज और रूट खासकर देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए तैयार किया गया है। इस ट्रेन को भागलपुर होकर चलाया जाएगा और देवघर जाकर पूजा करने वाले श्रद्धालु सुल्तानगंज में गंगाजल भरकर देवघर की यात्रा तो कर ही सकेंगे साथ ही साथ पूजापाठ करने के बाद इसी ट्रेन से वापस भी लौट सकेंगे। भागलपुर के डीएम ने इस ट्रेन को लेकर जानकारी दी है और बताया है कि इस ट्रेन को चलाने की तैयारी चल रही है।

### सुल्तानगंज स्टेशन पर 30 मिनट का होगा ठहराव

विक्रमशिला महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भागलपुर के डीएम ने इस ट्रेन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेन के परिचालन को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। रेलवे मंत्रालय, मालदा डिवीजन और बिहार सरकार के पर्यटन विभाग को इसे लेकर प्रस्ताव भेज दिया गया है। डीएम ने बताया कि यह वंदे भारत ट्रेन सुबह पटना से खुलेगी और सुल्तानगंज में इस ट्रेन का ठहराव 30 मिनट का होगा। यहां आधा घंटे का ठहराव देने का उद्देश्य यह है कि बाबाधाम जाकर पूजा करने वाले श्रद्धालु सुल्तानगंज स्टेशन पर उतरकर गंगाजल भर सकें और साथ लेकर ट्रेन में सफर कर सकें।




# फोर्टिस हेल्थकेयर ने एगिलस डायग्नोस्टिक्स में 7.61% हिस्सेदारी खरीदी

- 429 करोड़ रुपए में हुई डील, कंपनी की एगिलस में हिस्सेदारी बढ़कर 31.52% हुई

**एजेंसी । मुंबई**

फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने एगिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड में 7.61% हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी ने इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (IFC) से 59,70,149 इक्विटी शेयरों की खरीद की है। एगिलस डायग्नोस्टिक्स, IFC की मैटेरियल सब्सिडियरी है। फोर्टिस हेल्थकेयर ने BSE-NSE को बताया है कि 429.37 करोड़ रुपए की वैल्यू के इस ट्रांजैक्शन को शेयरहोल्डर्स के समझौते की शर्तों के तहत 719.2 प्रति शेयर की कीमत पर एग्जीक्यूट किया गया।

### एगिलस की शुरुआत जुलाई 1995 में हुई थी




एगिलस डायग्नोस्टिक्स का 31 मार्च 2024 तक ऑपरेशन से स्टैंडअलोन रेवेन्यू 858.8 करोड़ रुपए था। कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 1372 करोड़ रुपए था। कंपनी की शुरुआत जुलाई 1995 में हुई थी। इसकी पूरे भारत में मौजूदगी है। 30 नवंबर 2024 तक एगिलस डायग्नोस्टिक्स की 30 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 532 जिलों और 1000 से ज्यादा कस्बों में 407 लैब, 4000 से ज्यादा कस्टमर टचपॉइंट्स और 14000 पिकअप पॉइंट्स थे।

### फोर्टिस की एगिलस में 31.52% हिस्सेदारी होगी

फोर्टिस हेल्थकेयर आगे एगिलस डायग्नोस्टिक्स में NJBIF से 1,24,37,811 इक्विटी शेयर्स यानी 15.86% हिस्सेदारी और रिसर्जेंस पीई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड से 63,10,315 इक्विटी शेयर्स यानी 8.05% हिस्सेदारी भी खरीदेगी। इसके बाद फोर्टिस हेल्थकेयर के पास एगिलस डायग्नोस्टिक्स में 31.52% हिस्सेदारी होगी।

## यूनीमेक एयरोस्पेस का IPO 23 दिसंबर को होगा ओपन




**मुंबई।** यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 23 दिसंबर को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 26 दिसंबर तक बिडिंग कर सकेंगे। 31 दिसंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 500 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक 250 करोड़ के 31,84,712 शेयर बेच रहे हैं। इसके साथ ही कंपनी 250 करोड़ के 31,84,712 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है।

## नौ शहरों में आवास बिक्री में 21 प्रतिशत की गिरावट: प्रॉपइक्विटी



**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख नौ शहरों में घरों की बिक्री में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान सालाना 21 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है, जो उच्च आधार प्रभाव के कारण 1.08 लाख इकाई रह जाएगी। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा।प्रॉपइक्विटी ने भारत के प्रमुख नौ आवास बाजारों – दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, ठाणे के लिए बिक्री संख्या जारी की। इसने केवल दिल्ली-एनसीआर में बिक्री बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। आंकड़ों के अनुसार, नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों की कुल बिक्री चालू तिमाही में घटकर 1,08,261 इकाई रह जाने की संभावना है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1,37,225 इकाई थी। हालांकि, सितंबर तिमाही में 1,03,213 इकाई से बिक्री में पांच प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

न्यूज़ ब्रीफ

### हरित परिवहन क्रांति के मुहाने पर खड़ा है भारत: केंद्रीय राज्यमंत्री टम्टा



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को कहा कि भारत हरित परिवहन क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये का होने की क्षमता है। केंद्रीय राज्यमंत्री टम्टा यहां भारत मंडपम मं 21वें ईवी एक्सपो में खालसा ईवी की बैटरी चालित तिपहिया वाहनों की नई श्रृंखला पेश करने के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "भारत हरित परिवहन क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये का होने की क्षमता है, जिससे पूरे ईवी पारिस्थितिकी तंत्र में पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी।"

### क्रिसमस पर अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोर्स और वॉलमार्ट पर मिलेंगे भारतीय उत्पाद




**नई दिल्ली।** क्रिसमस एवं छुट्टियों का मौसम नजदीक आने के साथ ही वॉलमार्ट अपने हॉलिडे कलेक्शन को पेश करते हुए बहुत उत्साहित है। इसमें भारत के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले मौसमी सजावट, रोज़मर्रा एवं पार्टी के कपड़े, सहायक उपकरण और उपहार शामिल हैं। ये समान अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोरों, सैम क्लबों और वॉलमार्ट पर उपलब्ध है। वॉलमार्ट पर उपलब्ध इस संग्रह में त्योहारी घरेलू सजावट से लेकर स्टाइलिश ठंड के मौसम के सामान, शानदार आभूषण, मजेदार खिलौने और खेल के सामान से लेकर कई तरह के उत्पाद शामिल हैं। भारत से मंगाए गए ये उत्पाद वॉलमार्ट के हॉलिडे लाइनअप में विविधता और गुणवत्ता लाते हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत छुट्टियों की खरीदारी के लिए एक आदर्श विकल्प सुनिश्चित करते हैं।

## घरेलू प्रवासियों की संख्या में 2011 से 12 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान: ईएसी-पीएम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति (ईएसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2011 से 2023 के बीच घरेलू प्रवासियों की संख्या लगभग 12 प्रतिशत घटकर 40.20 करोड़ रह जाने का अनुमान है, जो देश में आर्थिक अवसरों में वृद्धि का संकेत है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक कार्य पत्र के अनुसार, 2023 में घरेलू प्रवासियों की संख्या 40,20,90,396 थी, जो जनगणना 2011 के अनुसार दर्ज आंकड़ों की तुलना में 11.78 प्रतिशत कम थी। इस कार्य पत्र का शीर्षक '40 करोड़ सपने! नवीन उच्च आवृत्ति डेटा का



उपयोग करके भारत में घरेलू प्रवास की मात्रा और दिशाओं की जांच करना' है। इसमें कहा गया है कि जनगणना 2011 के अनुसार, प्रवासियों की कुल संख्या 45,57,87,621 थी।

## आम लोगों को झटका: नहीं घटेगा हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस का प्रीमियम

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में चल रही जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम को कम करने का प्रस्ताव टाल दिया गया है। जीएसटी काउंसिल से प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने का मतलब है कि हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस का प्रीमियम अभी नहीं घटेगा। इसे आम लोगों के झटका माना जा रहा है। दरअसल शनिवार को जीएसटी काउंसिल ने लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर दर में कटौती का फैसला टाल दिया है। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी कटौती उद्योगों की लंबे समय से पेंडिंग चल रही मांग है। इस कदम से बीमाकर्ताओं और पॉलिसीधारकों दोनों पर कर का बोझ कम होगा। जानकारों के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में अपनी 55वीं बैठक में जीएसटी काउंसिल ने इंश्योरेंस प्रीमियम के लिए संभावित कर परिवर्तनों पर फैसला टाल दिया है।

### बिहार के डिप्टी सीएम ने बताया कारण




बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह (जीओएम) के अधिकांश पैनल सदस्यों ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पर रपूर्ण छूटर की वकालत की थी, कुछ पैनल सदस्यों ने दर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया। सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, रकुछ सदस्यों ने कहा कि अधिक चर्चा की आवश्यकता है। जनवरी में जीओएम की फिर से बैठक होगी।

### प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का क्या था प्रस्ताव

जीओएम ने टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का सुझाव दिया। हेल्थ इंश्योरेंस कवर के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का भी प्रस्ताव किया गया।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉसिबिलिटी है



## भारतीय गेंदबाजों के लिए मेरे पास हैं योजनाएं : सैम



**एजेंसी | मेलबर्न**

युवा ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के लिए बेताब हैं। उनका कहना है कि अगर उन्हें चौथे मैच में मौका मिलता है तो उनके पास जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी से निपटने के लिए कुछ योजनाएं हैं। इस युवा को पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास भारतीय गेंदबाजों के लिए कुछ योजनाएं हैं। मुझे लग रहा है कि मैं काफी अच्छा कर रहा हूं और उम्मीद है कि मुझे वो मौका मिलेगा। मैं बस गेंद के हिसाब से खेलूंगा और गेंदबाजों पर थोड़ा दबाव बनाऊंगा। पदार्पण करना बहुत बड़ा सम्मान होगा।

## उप्र के अनुरुद्ध ने महाराष्ट्र के मीर को दी मात



**एजेंसी | लखनऊ**

एसबीआई मेंस एक लाख इनामी टेनिस टूर्नामेंट में मेंस सिंगल क्वालिफाइंग फर्स्ट राउंड में खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाया। उन्नाद टेनिस एकेडमी में खेले गये मैच में उप्र के अनुरुद्ध कुमार ने सीधे मुकाबले में महाराष्ट्र के मीर वेरेकर को मात दे दी। वहीं दिल्ली के मानव सिंह ने छत्तीसगढ़ के अर्नव केलकर को कड़े मुकाबले में हराया। उन्नाद टेनिस एकेडमी में खेले गये मैच में उत्तर प्रदेश के अनुज कुमार ने महाराष्ट्र के ड्रीक साहा को सीधे मुकाबले मंक 6-2, 6-3 से हरा दिया।

# शीर्षक्रम बढ़ा रहा भारत की चिंता

- गिल और पंत अब तक एक अर्धशतक तक नहीं जड़ पाए
- कोहली और कप्तान रोहित भी हो रहे फ्लॉप
- जडेजा बोले-निचले क्रम पर बढ़ रहा है दबाव

**एजेंसी | मेलबर्न**

भारतीय शीर्षक्रम का टीम प्रबंधन की चिंता बढा रहा है। उनकी नाकामी टीम के लिए भारी बढ़ रही है। ओपनिंग जोड़ी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को छोड़ दिया जाए तो शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। यहां तक की ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में जीत के अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और शुभमान गिल भी कंगारुओं के सामने बेदम साबित हो रहे हैं। दोनों में एक कोई भी एक अर्धशतक तक नहीं जड़ पाया। कप्तान रोहित शर्मा ने तीन पारियों में मात्र 19 रन बना पाए हैं। स्टार हरफनमौला रवींद्र जडेजा ने भी शनिवार को माना कि शीर्षक्रम के रन नहीं बनाने से निचले क्रम पर दबाव बनता है। उन्होंने बाक्सिंग डे टेस्ट में बललेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। जडेजा ने कहा, भारत के बाहर खेलने पर शीर्षक्रम के रन काफी महत्वपूर्ण है खासकर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में। जब शीर्षक्रम रन नहीं बनाता है तो निचले क्रम पर दबाव बन जाता है। उम्मीद है कि इस टेस्ट में शीर्षक्रम और मध्यक्रम अच्छे रन बनाएगा। हमें शीर्षक्रम से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है। अगर बल्लेबाजों में सभी योगदान देंगे तो टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा। ब्रिस्बेन में केएल राहुल (84) को छोड़कर भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।



> तीन टेस्ट के बाद एक-एक से बराबरी पर रहना अच्छा है। अगले दो मैच काफी अहम होंगे। अगर हम एक टेस्ट जीत जाते हैं तो ट्रॉफी हमारे पास रहेगी क्योंकि पिछली दो बार हमने जीती है।
> –रवींद्र जडेजा

### नंबर गेम

- 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा सीरीज का चौथा मुकाबला
- 96 रन बना पाए हैं पंत पांच पारियों में 19.20 की औसत से
- 60 रन 20 की औसत से बनाए हैं गिल ने तीन पारियों में
- 126 रन कोहली ने पांच पारियों में 31.50 की औसत से बनाए हैं
- 19 रन 6.33 की औसत से कप्तान रोहित के बल्ले से तीन पारियों में निकले हैं

### नेट पर होमवर्क से मिली मदद

पहले दो टेस्ट से बाहर रहे जडेजा को ब्रिस्बेन में मौका दिया गया था। जडेजा ने कहा कि पहले दो टेस्ट से बाहर रहने से उन्हें हालात के अनुकूल ढलने और गाबा टेस्ट की तैयारी का समय मिल गया। उन्होंने कहा, मुझे यहां के हालात के अनुकूल खुद को ढालने के लिए काफी मसय मिला। मैं बहुत दिन से यहां हूं और लगातार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास कर रहा हूं इसलिए हालात को समझ गया हूं। नेट पर होमवर्क से मुझे काफी मदद मिली।

### अश्विन मेरे मार्गदर्शक

ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेकर सभी को चौंका दिया। जडेजा ने इस बारे में कहा, मुझे प्रेस कांफ्रेंस से पांच मिनट पहले ही इसके बारे में पता चला। किसी ने मुझे बताया कि ऐसा होने जा रहा है। हम पूरा दिन साथ रहे लेकिन उसने मुझे संकेत भी नहीं दिया। मुझे आखिरी पल पता चला। हम सभी को पता है कि अश्विन का दिमाग कैसे चलता है। वह मैदान पर मेरे मेंटोर (मार्गदर्शक) की तरह रहा। हम इतने साल से गेंदबाजी साझेदार के रूप में साथ खेल रहे थे। मैदान पर एक-दूसरे को संदेश देते रहते थे। मुझे उसकी कमी खलेगी।

### चार बल्लेबाजों ने खेली सिर्फ 509 गेंद

भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिच पर टिक नहीं पा रहे। दुनिया के धुरंधर बल्लेबाजों में शुमार कोहली (200), रोहित (65), पंत (160) और गिल (84) मिलकर सिर्फ 509 गेंद खेल पाए हैं। वहीं केएल राहुल ने 470 गेंद खेलकर टीम के लिए सर्वाधिक 235 रन बनाए हैं। यशस्वी ने 345 गेंदों में 193 रन बनाए हैं। जबकि पहली बार टेस्ट टीम में खेलने वाले युवा ऑलराउंडर नितिश कुमार रेड्डी ने ना सिर्फ इन चारों से ज्यादा रन बनाए हैं बल्कि 250 के करीब गेंदें भी खेल चुके हैं। नितिश ने 248 गेंदों का सामना कर 44.75 की औसत से 179 रन बनाए हैं। यही नहीं उन्होंने सीरीज में सर्वाधिक सात छक्के भी जड़े हैं। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने में चौथे और भारत की ओर से तीसरे नंबर पर हैं।

### टीम से बाहर होने पर टूट चुके हैं मैकस्वीनी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने स्वीकार किया कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिलने से टूट चुके हैं। साथ ही उन्होंने कड़ी मेहनत करके दोबारा टीम में जगह बनाने का वादा भी किया। मैकस्वीनी को बाहर करके युवा सैम कोंस्टास को टीम में जगह दी गई है। मैकस्वीनी ने कहा, हां मैं टूट चुका हूं। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा सपना सच हुआ लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं चाहता था। लेकिन खेल में ऐसा होता है। मैं कड़ी मेहनत करके अगले मौके के लिए खुद को तैयार करूंगा। क्रिकेट में ऐसा ही है। मौका मिलने पर अच्छा नहीं खेलते हैं तो आपकी जगह सुरक्षित नहीं है। मैं चूक गया लेकिन अब फिर मेहनत करके टीम में दोबारा जगह बनाऊंगा। 25 वर्ष के मैकस्वीनी ने पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया लेकिन पिछली छह पारियों में उनका स्कोर 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और 4 रहा। उन्हें सीरीज में चार बार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आउट किया।

## मेरा मुख्य लक्ष्य पंजाब के लिए आईपीएल ट्रॉफी जीतना : श्रेयस



**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर के लिए 2025 का वर्ष खास साबित हो रहा है, क्योंकि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए पंजाब किंग्स में शामिल होने की घोषणा की है। इस साल की शुरुआत में वह मुंबई की टीम का हिस्सा थे, जिसने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीती। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया और ईरानी कप जीतने वाली मुंबई टीम के सदस्य भी रहे।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने पर खुशी व्यक्त की

श्रेयस अय्यर ने मुंबई की टीम के नेतृत्व में 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती, जो उनके लिए सीज़न का दूसरा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब था। इस जीत के बाद, पंजाब किंग्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतना एक अवास्तविक एहसास था। पर्दे के पीछे बहुत मेहनत हुई। लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया। अब हम इस हिस्से को पूरा कर चुके हैं।'

### रिकी पोंटिंग के साथ सहयोग पर उत्सुक

30 वर्षीय अय्यर, जो पहले आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में खेल चुके हैं, ने कहा कि वह एक बार फिर क्रिकेट के दिग्गजों में से एक के साथ विचार-विमर्श करने के लिए उत्सुक हैं। इस साल की शुरुआत में, किंग्स ने पोंटिंग को फ्रैंचाइज़ी का नया मुख्य कोच नियुक्त किया था। अय्यर ने कहा, 'मैं समझ सकता हूं कि प्रशंसकों की भावनाएं क्या होंगी। रिकी के आने से हमने अतीत में शानदार दोस्ती की है। हम कई पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

## न्यूजीलैंड और आईसीसी का दल सुरक्षा का जायजा लेने पाक पहुंचा

**एजेंसी | कराची**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जनवरी में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज से पहले सुरक्षा और अन्य इंतजामात का जायजा लेने एक दल पाकिस्तान भेजा है। मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के अलावा सीरीज में दक्षिण अफ्रीका भी भाग लेगी। पाकिस्तान में फरवरी मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी होनी है। न्यूजीलैंड के दल में सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकासन और न्यूजीलैंड खिलाड़ियों के संघ के प्रतिनिधि ब्राड रोडेन हैं जो कराची और लाहौर में सुरक्षा इंतजामों और अन्य तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे हैं। इसी दौरान आईसीसी का एक दल भी आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने पहुंचा है। आईसीसी दल ने लाहौर और रावलपिंडी जाने से पहले कराची के नेशनल स्टेडियम का दौरा किया।

International Cricket Council

## अनमोलप्रीत सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में तीसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक जड़ा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पंजाब के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में लिस्ट ए में तीसरा सबसे तेज शतक जड़कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक पूरा किया और अब वह इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे पहले जेक फ्रेजर-मैकगर्क (29 गेंद) और एबी डिविलियर्स (31 गेंद) का नाम आता है। अहमदाबाद में खेले गए इस मैच में, जहां पंजाब का सामना अरुणाचल प्रदेश से था, अनमोलप्रीत ने कप्तान



अभिषेक शर्मा के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। उन्होंने अपनी शानदार पारी में 11 चौके और 8 छक्के लगाए। इस धमाकेदार शतक के चलते पंजाब ने अरुणाचल प्रदेश द्वारा निर्धारित 164 रन के लक्ष्य को केवल 12.5 ओवर में हासिल कर लिया, और 9 विकेट से मैच जीत लिया।

यह रिकॉर्ड पहले एबी डिविलियर्स ने 2015 में जोहान्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 गेंदों में शतक बनाकर तोड़ा था, जो अब तक का सबसे तेज वनडे शतक है। डिविलियर्स का लिस्ट ए रिकॉर्ड तब तक कायम रहा जब तक जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अक्टूबर 2023 में सिर्फ 29 गेंदों में तस्मानिया के खिलाफ शतक नहीं बना दिया।

## एनआरएआई को मिले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की मेज़बानी के अधिकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को एक और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेज़बानी के अधिकार मिल गए हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था।

## दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

**एजेंसी | जोहानसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन दाएं घुटने की समस्या के कारण पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। इसके बाद, केशव महाराज के बाद बार्टमैन दूसरे गेंदबाज हैं जो वनडे सीरीज़ में चोटिल हुए हैं, और वह इस गर्मी में बाहर होने वाले छठे तेज गेंदबाज हैं। अन्य गेंदबाजों में गेराल्ड कोएत्ज़ी, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लिज़ाद विलियम्स, और एनरिक नोर्टजे शामिल हैं।

टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किए गए कॉर्बिन बॉश वनडे टीम में बार्टमैन की जगह लेंगे और वह बॉक्सिंग डे पर पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट के लिए भी तैयार हैं। केपटाउन में गुरुवार को दूसरे वनडे से पहले गेंदबाजी करते समय बार्टमैन को रन अप के दौरान असहजता महसूस हुई। वह मैच-डे इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दो दिन पहले पार्ल में सीरीज के पहले मैच में खेले थे। उस मैच में उन्होंने सात ओवर फेंके और 37 रन देकर 2 विकेट लिए थे। बार्टमैन का अगला काम एसए20 है, जहां उनका अनुबंध सनराइजर्स ईस्टर्न केप से है। उनकी चोट से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए, भले ही वे मुल्डर की फिटनेस का इंतजार कर रहे हों।



वियान मुल्डर ने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी दाईं मध्यमा उंगली तोड़ दी थी, लेकिन उसने फिर से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है और गुरुवार को उसका स्कैन होना था।

## अनिल शर्मा पर भड़कीं अमीषा पटेल

'गदर 2' की रिलीज के बाद से अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच विवाद ने जन्म ले लिया। दोनों के बीच यह तब शुरू हुआ जब अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में कहा कि अभिनेत्री सास की भूमिका निभाने से बच रही थी। हालांकि, बाद में वह इसके लिए तैयार हो गईं। अब यह बसह तूल पकड़ती जा रही है। निर्देशक के बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने अब अपनी प्रतिक्रिया दी है।

अभिनेत्री ने 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा की टिप्पणियों का जवाब दिया, जहां उन्होंने सुझाव दिया था कि उन्हें अपने चरित्र के विकास के हिस्से के रूप में सास की भूमिका निभानी चाहिए। मोटी रकम मिलने के बाद भी अभिनेत्री ने कह दिया था कि उन्हें इस तरह की भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### अनिल शर्मा ने क्या कहा?

हाल ही में निर्देशक अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में, बताया कि अमीषा पटेल ने शुरू में 'गदर 2' में सास की भूमिका निभाने में झिझक दिखाई थी। निर्देशक ने अभिनेत्री नरगिस दत्त की 'मदर इंडिया' में एक मां की भूमिका निभाने का उदाहरण देते हुए यह कहा कि अभिनेत्रियों को उम्र बढ़ने के साथ अधिक परिपक्व भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए।



### अमीषा पटेल ने दी प्रतिक्रिया

निर्देशक अनिल शर्मा के इस बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्विटर पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया। अपनी पोस्ट में निर्देशक के प्रति अपना सम्मान जताते हुए उन्होंने कहा कि वह 100 करोड़ जैसी बड़ी रकम के लिए भी कभी सास की भूमिका नहीं निभाएंगी। अभिनेत्री ने लिखा, 'प्रिय अनिलजी। यह केवल एक फिल्म है और किसी परिवार की वास्तविकता नहीं है। इसलिए स्क्रीन पर मुझे यह कहने का अधिकार है कि मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है।



## 'डकैत' से बाहर हुईं श्रुति हासन

कुछ दिन पहले ही अभिनेता अदिवी शेष की आने वाली तेलुगु फिल्म 'डकैत' के निर्माताओं ने घोषणा की थी कि मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका निभाएंगी। मृणाल फिल्म में अभिनेत्री श्रुति हासन की जगह ले रही हैं, जिन्हें पहले फिल्म लॉन्च होने पर मुख्य भूमिका निभाने की घोषणा की गई थी। कई लोगों का मानना है कि श्रुति हासन ने इस प्रोजेक्ट को इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि वह अपने शेड्यूल में फिट नहीं हो पा रही थीं। वहीं, अब अभिनेत्री के फिल्म से बाहर निकलने का नया कारण सामने आया है। फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि तारीखों का टकराव श्रुति के बाहर निकलने का कारण नहीं था। इस बारे में नई जानकारी सामने आई है। बताया गया कि श्रुति हासन ने पिछले साल फिल्म का टीजर शूट किया था और उसके बाद शूटिंग की तारीखें बार-बार आगे बढ़ाई गईं।

दूसरा कलाकार स्क्रिप्ट में बहुत ज्यादा शामिल था। श्रुति अपने अभिनय के नए पहलू को दिखाने में दिलचस्पी रखती थी, लेकिन वह सह-कलाकार की अत्यधिक भागीदारी से सहज नहीं थीं, इसलिए वह प्रोजेक्ट से बाहर हो गईं।

### फिल्म का नया पोस्टर

17 दिसंबर को 'डकैत' के निर्माताओं ने मृणाल को कलाकारों का हिस्सा बताया था। उन्होंने एक विशेष पोस्टर और टीजर भी जारी किया था। घोषणा के बाद प्रशंसकों ने उत्सुकता से श्रुति के प्रोजेक्ट से बाहर होने के कारणों के बारे में अनुमान लगाया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इससे पहले कहा गया कि श्रुति ने क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म छोड़ दी। कथित तौर पर उन्हें सेट पर असुविधाओं का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। अन्य कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि उन्होंने डेट क्लैश के कारण 'डकैत' को छोड़ दिया।

## टीवी शो 'मधुबाला' और 'नागिन-3' फेम आर्ट डायरेक्टर सुमित मिश्रा का निधन

निर्माता, आर्ट डिजाइनर, पेंटर और प्रोडक्शन डिजाइनर सुमित मिश्रा नहीं रहे। सामने आई जानकारी के मुताबिक उन्होंने आत्महत्या की है। वे मणिकर्णिका फिल्म फेस्टिवल के जनक थे। सुमित मिश्रा के अचानक निधन से फैंस सदमे में हैं। सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि वे शायद आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे।



### सोशल मीडिया पर फैंस ने दी श्रद्धांजलि

सुमित मिश्रा के सोशल मीडिया अकाउंट को देखकर यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल है कि वे किसी तरह की परेशानी में थे। वे किस तकलीफ में थे, उन्होंने किसी को इसकी भनक तक नहीं लगने दी और दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके दोस्त सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। Oma Akk नाम के एक यूजर ने लिखा, 'मणिकर्णिका फिल्म फेस्टिवल के जनक और अनोखे फिल्मकार और चित्रकार सुमित जी हमारे बीच नहीं रहे'। Ridhiema Tiwari ने लिखा है, 'काश एक बार पुकार लिया होता दोस्त'।

### इस फिल्म से शुरू हुआ बतौर निर्देशक सफर

सुमित मिश्रा मूल रूप से बिहार के निवासी थे। वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र थे। बतौर निर्देशक सुमित ने साल 2016 में फिल्म 'अमृता एंड आई' से शुरुआत की। साल 2020 में उन्होंने खिड़की बनाई। फिर 2022 में उन्होंने 'अगम' का निर्देशन किया। उन्होंने आहिस्ता आहिस्ता से बतौर आर्ट डायरेक्टर काम शुरू किया। इसके अलावा अलिफ , नागिन-3 , मधुबाला , नक्काश , वेक अप इंडिया कई प्रोजेक्ट्स में वे बतौर आर्ट डायरेक्टर जुड़े। इसके अलावा वे पेशेवर चित्रकार भी थे।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### कर्नाटक में कंटेनर पलटने से छह लोगों की मौत

**बेंगलुर।** नेलमंगला में शनिवार को एक कंटेनर के कार पर पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के बाहरी इलाके तालेकेरे के पास हुई। बड़े मालवाहक कंटेनर से भरा ट्रक उस कार पर पलट गया जिसमें छह लोग बैठे थे। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर वाहनों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के 25 वर्षीय व्यक्ति को डेढ़ वर्ष से अधिक के कारावास की सजा सुनाई गई है। उसे अपने पिता पर हमला करने और महिला से छेड़छाड़ के मामले में दोषी पाया गया है। समाचारपत्र 'द स्ट्रेट्स टाइम्स के अनुसार, अर्जुन रवि ने 10 मई को अपने 64 वर्षीय पिता पर हमला किया था। इस दौरान वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया और पिता को अस्पताल ले गए। उन्हें नाक के फ्रैक्चर सहित कई चोटों के साथ पाया गया।

### घरेलू प्रवासियों की संख्या 12 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** भारत में 2011 से 2023 के बीच घरेलू प्रवासियों की संख्या करीब 12 फीसदी घटकर 40.20 करोड़ पहुंच गई है, जो देश में बढ़ते आर्थिक अवसरों का संकेत देती है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईएसी-पीएम की ओर से जारी आधार पत्र के मुताबिक, '2023 में देश में कुल 40,20,90,396 प्रवासी थे, जो 2011 की जनगणना के आंकड़ों से 11.78 फीसदी कम हैं। 2011 में यह संख्या 45,57,87,621 थी।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'कुल घरेलू प्रवासन में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही है।'

### बिहार को मिला 1.81 लाख करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** बिहार को अब तक का सबसे बड़ा कुल 1.81 लाख करोड़ रुपए का निवेश मिला है। इस निवेश में अदाणी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और अन्य कई बड़ी और छोटी कंपनियों ने योगदान दिया। इन कंपनियों ने बिहार में नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। बिहार ने अपनी दूसरी निवेशक बैठक, बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में 423 कंपनियों के साथ निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### मृत असम कांग्रेस कार्यकर्ता की पत्नी के लिए सरकारी नौकरी की मांग

**गुहावटी।** असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने शनिवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से पार्टी के एक नेता की विधवा को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का अनुरोध किया, जिनकी प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मौत हो गई थी। कांग्रेस नेता मृदुल इस्लाम की बुधवार को 'राजभवन चलो' के दौरान मौत हो गई थी, विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया था कि वह 'पुलिस की ज्यादती' का शिकार हुए हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे थे, जिसमें कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पत्रकार घायल हो गए थे।

# केजरीवाल के खिलाफ चलेगा केस

## ■ LG ने ED को मंजूरी दी
## ■ दिल्ली शराब घोटाला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी। ED ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ ED ने इस साल मार्च में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) के तहत केस दर्ज किया था। 21 मार्च को 4 घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को अरेस्ट किया गया था। केजरीवाल को इस केस में जमानत मिल गई थी, लेकिन ED ट्रायल शुरू नहीं कर पाई थी।



### 156 दिन जेल में बिता चुके

केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट से 13 सितंबर को उन्हें जमानत मिल गई थी। उन्होंने 156 दिन जेल में बिताए।

### AAP बोली- अगर इजाजत मिल गई है तो कॉपी दिखाओ

इधर, केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति पर AAP के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा- ED मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रही है। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए इन्हें जुमलेबाजी बंद करनी चाहिए। केजरीवाल ने आज ही अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना शुरू की है।

### जुलाई में चार्जशीट ट्रायल कोर्ट में दायर हुई थी, 5 पॉइंट में पूरा मामला

- ED ने ट्रायल कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ 7वीं चार्जशीट दायर की थी। ट्रायल कोर्ट ने 9 जुलाई को चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कहा था- केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।
- केजरीवाल ने नवंबर में दिल्ली हाईकोर्ट में ED की 7वीं चार्जशीट पर संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि ED ने जो आरोप लगाए हैं, उन आरोपों के समय वे पब्लिक सर्वेंट थे।
- दिल्ली के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। केस चलाने के लिए ED के पास आवश्यक मंजूरी नहीं थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर एक्शन लिया।
- हाईकोर्ट से केजरीवाल की मांग खारिज होने के बाद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जहां कोर्ट ने उनके हक में फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस चलाने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी है।
- इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर को फैसला सुनाते हुए कहा था कि पब्लिक सर्वेंट पर सरकार की अनुमति के बिना मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) की धाराओं के तहत केस नहीं चलाया जा सकता है। यह नियम CBI और स्टेट पुलिस पर भी लागू होगी। इसके बाद ED ने राज्यपाल से इजाजत मांगी।

# नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को 10% छूट

## आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से टिकट खरीदने पर लाभ



**एजेंसी । नई दिल्ली**

नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को अब 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' के माध्यम से टिकट खरीदने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह लाभ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा शुरू की गई 'लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम' पहल के तहत यात्रियों को मिलेगा। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने इस पहल की शुरुआत शनिवार को साहिबाबाद क्षेत्रीय आरआरटीएस स्टेशन पर की। इसके साथ ही उन्होंने 'नमो भारत टाइम्स' नामक द्वि-मासिक यात्री पत्रिका के पहले संस्करण का भी अनावरण किया।

### पॉइंट्स और डिजिटल क्यूआर टिकट की सुविधा

लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपए पर एक पॉइंट मिलेगा, जो उनके खाते में जमा हो जाएगा। प्रत्येक पॉइंट का मूल्य 0.10 रुपए (10 पैसे) होगा और इसे टिकट खरीदते समय उपयोग किया जा सकेगा। यह पहल यात्रियों को आर्थिक लाभ देने के साथ-साथ डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को बढ़ावा भी देगी, जिससे कागज रहित टिकटिंग के माध्यम से यात्रा सरल हो जाएगी।

# पुरुषों को परेशान करने के लिए दुष्कर्म कानून का गलत इस्तेमालः कोर्ट

## दुष्कर्म कानून का दुरुपयोग पर अदालत की कड़ी टिप्पणी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि दुष्कर्म महिलाओं के खिलाफ सबसे गंभीर अपराधों में से एक है, लेकिन कुछ लोग इसे अपने पुरुष साथी को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। अदालत ने इस पर एक प्राथमिकी को रद्द कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति पर यौन उत्पीड़न का आरोप था।



### सहमति से रिश्ते की पुष्टि

अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले में पेश किए गए रिकॉर्डिंग, व्हाट्सएप चैट और मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयानों से यह साबित होता है कि दुष्कर्म का कोई मामला नहीं था। दोनों ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए थे।

### न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह का बयान

जस्टिस चंद्र धारी सिंह ने कहा कि दुष्कर्म से संबंधित कानून महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों में से एक है, लेकिन कुछ लोग इसे दुरुपयोग के रूप में अपनाते हैं, जिससे निर्दोष पुरुषों को परेशान किया जाता है। अदालत ने इसे एक उदाहरण बताया, जहां एक व्यक्ति को गलत तरीके से दंडात्मक प्रावधानों का सामना करना पड़ा।

# बांग्लादेश में मंदिर के पुजारी की हत्या

**एजेंसी । कोलकाता**

इस्कॉन कोलकाता ने बांग्लादेश के नाटोरे जिले में एक हिंदू पुजारी की कथित हत्या की कड़ी निंदा की है। इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं का उत्पीड़न बढ़ रहा है। उनका कहना है कि शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला जारी है। राधारमण दास ने दावा किया कि नाटोरे के काशिमपुर सेंट्रल श्मशान




में स्थित मंदिर पर हमले की खबर ने उन्हें हैरान कर दिया। वीडियो के अनुसार, पुजारी तरुण चंद्र दास की बेरहमी से हत्या की गई और मंदिर से कीमती सामान लूट लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पुजारी के शव को बंधे हुए हाथ-पैर के साथ पाया गया। बांग्लादेश पुलिस ने इस घटना को लूटपाट का मामला बताया, लेकिन इस्कॉन ने पुलिस के बयान पर सवाल उठाए। राधारमण दास ने कहा कि यह कैसे संभव है कि लूटपाट और हिंसा की घटनाओं में केवल हिंदुओं को ही निशाना बनाया जा रहा हो?


इस्कॉन के एक अन्य अनुयायी ने बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार आठ दिसंबर 2024 तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हिंसा की 2,200 घटनाएं हुईं हैं, हालांकि यह आंकड़ा सही नहीं हो सकता क्योंकि कई घटनाएं रिपोर्ट नहीं की जातीं। सोशल मीडिया पर 'वॉयस ऑफ बांग्लादेशी हिंदूज' नामक पेज पर एक मंदिर की तस्वीर दिखाई गई, जिसमें हिंदू देवताओं की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया गया।

## संध्या थिएटर भगदड़ मामला

# 'पुलिस अनुमति के बिना सिनेमा हॉल पहुंचे अल्लू अर्जुन'

## अल्लू अर्जुन पर सीएम का आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में बिना पुलिस की अनुमति के प्रवेश किया, जहां फिल्म 'पुष्पा-2' का प्रीमियर हो रहा था। भगदड़ के दौरान महिला की मौत हो गई, लेकिन अभिनेता सिनेमा हॉल से बाहर नहीं निकले। सीएम ने कहा कि पुलिस को अल्लू अर्जुन को जबरन थिएटर से बाहर निकालना पड़ा था।

### अल्लू अर्जुन की मौजूदगी पर सवाल

मुख्यमंत्री ने इस घटना के बारे में कहा कि 2 दिसंबर को थिएटर प्रबंधन ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, जिसमें अल्लू अर्जुन के दौरे की योजना शामिल थी, लेकिन पुलिस ने यह आवेदन खारिज कर दिया था। रेवंत रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि अभिनेता अपनी कार के सनरूफ में खड़े होकर दर्शकों से हाथ मिला रहे थे, जिससे भीड़ और बढ़ गई। मुख्यमंत्री ने अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद उनसे मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे फिल्मी हस्तियों की आलोचना की। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कोई भी फिल्मी हस्ती भगदड़ में घायल युवक से मिलने नहीं पहुंची, जबकि उन्हें अमानवीय व्यवहार से बचने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भगदड़ जैसी घटनाओं में मारे गए लोगों को किसी भी विशेष सुविधा का लाभ नहीं दिया जाएगा।

# सबरीमाला तीर्थ की डिजिटल बुकिंग दो दिन नहीं होगी

**एजेंसी । सबरीमला**

केरल के सबरीमाला में वार्षिक 'मंडला पूजा के लिए डिजिटल बुकिंग पर दो दिन रोक रहेगी। त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) ने यह फैसला भीड़ नियंत्रण हेतु लिया है। भगवान अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाले शीर्ष निकाय ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीडीबी ने कहा, 25 और 26 दिसंबर को मंदिर में डिजिटल और मौके पर ही बुकिंग की सुविधा पर कुछ पाबंदियां लगाने का फैसला किया है। 25 दिसंबर को तीर्थयात्रियों की संख्या 50 हजार और 26 दिसंबर को 60 हजार तक सीमित रहेगी। इन दोनों दिनों में



प्रत्यक्ष बुकिंग पांच-पांच हजार तक सीमित रहेगी। टीडीबी ने कहा कि 25 दिसंबर को लगभग 50 हजार तीर्थयात्रियों को दर्शन की अनुमति दी जाएगी, जिस दिन 'थंका अंकी जुलूस सबरीमाला सन्निधानम (मंदिर परिसर) पहुंचेगा। वहीं 26 दिसंबर को 'मंडला पूजा के दिन 60 हजार तीर्थयात्रियों को पहाड़ी पर स्थित भगवान अयप्पा के मंदिर में पूजा-अर्चना करने की अनुमति दी जाएगी।

# अगले माह चीन जाएंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति

**एजेंसी । कोलंबो**

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके जनवरी के मध्य में चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। पिछले सप्ताह दिसानायके की भारत यात्रा 21 सितंबर को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा थी। दिसानायके ने केंद्रीय जिला शहर कैंडी में मीडिया से कहा, मैं जनवरी के मध्य में चीन जाऊंगा। दिसानायके की यह घोषणा मंगलवार और बुधवार को यहां चीनी जन राजनीतिक परामर्श सम्मेलन (सीपीपीसीसी) की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष किन बोयोंग से उनकी और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या की मुलाकात के कुछ दिनों बाद आई है। इस मुलाकात में उन्होंने चीन की अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई)



के तहत उच्च गुणवत्ता वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए द्वीप राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कोलंबो लौटने पर, एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात कर उनकी बीजिंग यात्रा की पुष्टि की। भारत बीआरआई का विरोध कर रहा है, जो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक पसंदीदा परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के निर्माण में निवेश के साथ चीन के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाना है। नई दिल्ली ने चीन द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से 60 बिलियन अमरीकी डॉलर की लागत से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का निर्माण करने के लिए विरोध किया है।

# देश में हरियाली का दायरा बढ़ा

## वन और वृक्ष से भरे क्षेत्र में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि

**एजेंसी । देहरादून**

देश में हरियाली का दायरा बढ़ा है। वन और वृक्ष से भरे क्षेत्र (फॉरेस्ट एंड ट्री कवर) में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। यह 2021 के मुकाबले 0.17 प्रतिशत ज्यादा है। देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में शनिवार को केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, वन एवं वृक्ष वाले क्षेत्र में सबसे ज्यादा वृद्धि छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और झारखंड में दर्ज की गई। देश की राजधानी दिल्ली, बिहार और उत्तराखंड की बात करें तो यहां वन एवं वृक्ष से आच्छादित क्षेत्रफल घटा है।



| |
|---|
| दिल्ली 195 .28 (0 .08 घटा) |
| यूपी 15045 .80 (118 .43 बढ़ा) |
| बिहार 7532 .45 (129 .19 बढ़ा) |
| झारखंड 23765 .78 (58 .81 बढ़ा) |
| उत्तराखंड 24303 .85 (23 घटा) |
| (नोट- आंकड़े वर्ग किलोमीटर में, इसमें वृक्ष वाला क्षेत्रफल शामिल नहीं है) |

### यूपी-झारखंड में बढ़ोतरी, बिहार में कमी आई

वन एवं वृक्ष क्षेत्रफल में अधिकतम वृद्धि वाले शीर्ष पांच राज्यों में छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किलोमीटर), उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किलोमीटर), ओडिशा (559 वर्ग किलोमीटर), राजस्थान (394 वर्ग किलोमीटर) और झारखंड (287 वर्ग किलोमीटर) शामिल हैं। जबकि कमी वाले शीर्ष पांच राज्यों में मध्य प्रदेश (612 वर्ग किलोमीटर), कर्नाटक (459 वर्ग किलोमीटर), लद्दाख (159 वर्ग किलोमीटर), नगालैंड (125 वर्ग किलोमीटर) और बिहार (123) शामिल हैं।

### सबसे ज्यादा वन और वृक्ष आवरण मध्य प्रदेश में

भारतीय वन सर्वेक्षण के डीजी अनूप सिंह ने बताया कि क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक वन और वृक्ष आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य मध्य प्रदेश (85,724 वर्ग किलोमीटर), अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग किलोमीटर) और महाराष्ट्र (65,383 वर्ग किलोमीटर) हैं। वन आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष तीन राज्य मिजोरम (242 वर्ग किलोमीटर), गुजरात (180 वर्ग किलोमीटर) और ओडिशा (152 वर्ग किलोमीटर) हैं। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाले शीर्ष तीन राज्य- मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किलोमीटर), अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किलोमीटर) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किलोमीटर) हैं।

### कार्बन स्टॉक में 8.15 करोड़ टन की वृद्धि

डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश लक्चौरा के मुताबिक, वर्तमान आकलन में देश के वनों में कुल कार्बन स्टॉक 728.55 करोड़ टन अनुमानित किया गया है। पिछले आकलन की तुलना में देश के कार्बन स्टॉक में 8.15 करोड़ टन की वृद्धि हुई है। एनडीसी के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में वर्तमान आकलन से ज्ञात होता है कि भारत का कार्बन स्टॉक 30.43 अरब टन सीओ के समतुल्य तक पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि 2005 के आधार वर्ष की तुलना में भारत पहले ही 2.29 अरब टन अतिरिक्त कार्बन सिंक तक पहुंच चुका है।

### दिल्ली में घट रहे वन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो वन क्षेत्र में 0.08 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। सेंट्रल दिल्ली, नार्थ दिल्ली, नार्थ-ईस्ट दिल्ली साउथ दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली में वन क्षेत्र मामूली बढ़ा है। बाकी अन्य जिलों में कमी आई है। दिल्ली में कुल वन आच्छादन 195.28 वर्ग किलोमीटर है।

# नेपाली नहीं अब भारतीय गोरखा बनेंगे सेना की शान

## नेपाल के इनकार के बाद भारतीय गोरखाओं को तरजीह देने की तैयारी में सेना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नेपाल अपने गोरखाओं को भारत की अग्निवीर योजना में शामिल करने को तैयार नहीं है। इसके बाद सेना सैन्य बलों में गोरखाओं की जरूरत को पूरा करने के लिए नई योजना पर काम कर रही है। इसके तहत भारतीय गोरखाओं की भर्ती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सेना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि पिछले दो सालों में नेपाल



को समझाने की कई कोशिशें हुई हैं लेकिन अग्निवीर योजना में गोरखाओं की भर्ती के लिए वह तैयार नहीं है। वह अग्निवीर योजना को भारत-नेपाल के बीच हुए एक समझौता का भी उल्लंघन मानता है। नतीजतन नेपाल में भारतीय सेना के दो भर्ती केंद्र बंद हो चुके हैं। सूत्रों ने कहा कि अब भारत को गोरखा बटालियनों के लिए अपने स्तर पर उपाय करने होंगे। सेना में करीब 30 हजार गोरखा जवान अभी कार्यरत हैं। इनमें से 85-90 फीसदी अभी नेपाली गोरखा हैं। करीब 1000 हजार गोरखा सैनिक हर साल सेवानिवृत्त होते हैं। इतने ही सैनिकों की भर्ती की जरूरत है। इनकी भरपाई अब भारतीय गोरखाओं के जरिये की जाएगी। भारत में गोरखा आबादी करीब 30 लाख है। पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम तथा नगालैंड में सर्वाधिक गोरखा हैं।